जबलपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष : 19, अंक : 294 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 31 न्यून. 16 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**45** दिन में 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**63** देशों के राजनयिकों ने भी किया पुण्य स्नान

# अद्भुत...अभूतपूर्व 'संपूर्ण' हुआ महाकुंभ

## प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

45 दिन से चल रहा महाकुंभ महा-शिवरात्रि पर संपूर्ण हो गया। महाकुंभ में कई रिकॉर्ड बने हैं। बीते 45 दिनों में 65 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने महाकुंभनगरी पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई है। 63 देशों के राजनयिकों ने पुण्य स्नान किया। अगर संख्या के लिहाज से बात करें तो यह भारत की कुल आबादी का 50 फीसदी से ज्यादा है।

यानी आधे से ज्यादा भारत इस बार महाकुंभ में डुबकी लगा चुका है। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में इस बार और भी कई रिकॉर्ड बने हैं। दुनिया के कुछ सबसे बड़े जुटावों में 2025 के महाकुंभ मेले से पहले 2019 को प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ, 2013 में प्रयागराज में हुआ कुंभ और 2010 में हरिद्वार में हुआ कुंभ शामिल है।



### दुनिया में कहीं इतनी भीड़ नहीं जुटी

चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे।

### ये भी बने बड़े रिकॉर्ड

- 24 फरवरी के दिन करीब 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने 10 किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ सफाई का रिकॉर्ड बनाया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इसे लेकर 28 फरवरी को फैसला दे सकता है।
- 14 फरवरी को नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड बना गया था। उस दिन 300 कर्मचारियों ने नदी की सफाई का रिकॉर्ड बनाया था। गिनीज बुक ने इसे रिकॉर्ड में शामिल किया है।
- मेले में मंगलवार को हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का भी कीर्तिमान बना। 10,109 हजार लोगों ने महज आठ घंटे में अपने पंजे का छापा लगाकर महाकुंभ के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।
- प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर करीब 7.6 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई।
- महाकुंभ के लिए प्रयागराज से 15 हजार से अधिक ट्रेनें चलीं।








inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### दिल्ली के सिनेमा घर में आग लगने से हड़कंप

**नई दिल्ली।** सेलेक्ट सिटी मॉल के एक सिनेमा घर में बुधवार को एक फिल्म के प्रदर्शन के दौरान आग लग गई।



एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मॉल में पीवीआर सिनेमा के एक कोने में शाम करीब 4:15 बजे आग लगने से दर्शकों में दहशत फैल गई। उस समय सिनेमाघर में 'छावा' फिल्म दिखाई जा रही थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें शाम 5.42 बजे आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। एक अन्य दर्शक ने बताया कि हॉल में 'फायर अलार्म' बजते ही सभी लोग बाहर भागने लगे।

बागेश्वर धाम में हुआ 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह, राष्ट्रपति मुर्मू ने उपहार देकर की सुखमय जीवन की कामना की

251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की

# सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज 'प्रयास' करे

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश वुमेन लेड डेवलपमेंट को लेकर अग्रसर है। बेटियों के सशक्त होने से परिवार, समाज और देश सशक्त होगा



नव दंपतियों को भेंट स्वरूप दिए जाएंगे 51-51 हजार रूपए

पं. धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिरों की दान पेटियों की राशि गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का किया आह्वान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू बुधवार को छतरपुर जिले के बागेश्वरधाम में 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह महोत्सव में शामिल हुईं। इसमे 251 बेटियों में से 108 बेटियां जनजातीय समुदाय की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि समकालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और समाज को जागरूक करने के लिए पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहल सराहनीय है। गुरुनानक देवजी, संत रविदास, कबीरदास, मीरा बाई जैसे कई संतों ने अपने उपदेशों से छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का संदेश दिया है।

**मुर्मू ने कहा-समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना जरूरी**

### राष्ट्रपति ने उपहार स्वरूप भेंट भी दी

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के सम्मुख जोड़ों की वरमाला रस्म संपन्न हुई, उन्होंने प्रतीक स्वरूप 3 जोड़ों को उपहार भेंट किए। राष्ट्रपति मुर्मू के बागेश्वरधाम पहुंचने पर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने अंगवस्त्रम और तुलसी की माला भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति को पं. शास्त्री ने हनुमान यंत्र, बालाजी सरकार का विग्रह, धाम से जुड़ा साहित्य और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए।

### दान पेटियों की राशि को गरीब बेटियों के उत्थान में लगाने का आव्हान

पं. धीरेंद्र शास्त्री ने समाज से मंदिरों की दान पेटियों की राशि को गरीब परिवारों की बेटियों के उत्थान में लगाने का आव्हान किया। समारोह में लगभग 20 देश के एनआरआई, देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्य संत, वर-वधु के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित अन्य जन-प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### सामाजिक बुराइयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया : डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मप्र पधारने पर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम में सामाजिक बुराइयों को दूर करने का निरंतर कार्य हो रहा है। समाज में विद्यमान जातिगत दीवारों को तोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रयासों से जातिगत बाधाएं टूटी हैं और अलग-अलग जातियों के दूल्हे एक साथ घोड़ी पर बैठे हैं। जातिगत विषमताओं के खिलाफ लड़ते हुए समाज के सामने, शासन-सत्ता और संत की त्रिवेणी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह आयोजित कर बागेश्वर धाम नए कीर्तिमान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने ऐसे संकल्पों के लिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर हम सबको गर्व है, उनके दूरदर्शी निर्णय सामाजिक हित और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंध रही बेटियों को राज्य सरकार की ओर से 51-51 हजार रुपए की राशि उपहार स्वरूप दी जाएगी।*

महाशिवरात्रि पर अयोध्या में महासैलाब



# 12 लाख से अधिक भक्तों ने रामलला के दर्शन किए

शिव बारात के रास्ते में बदलाव किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में महाशिवरात्रि पर भारी भीड़ उमड़ी। लगभग 12 लाख श्रद्धालु, जिनमें से कई महाकुंभ से आए थे, रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। स्थानीय और आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। अयोध्या में महाशिवरात्रि को लेकर भीड़ को देखते हुए रात 9 बजे के बाद शिव बारात के रास्ते में बदलाव किया गया। शिव और पार्वती के विवाह की रस्में वैदिक परंपरा के अनुसार निभाई गईं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा



स्थानीय और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान पूजन के लिए सरयू तट और नागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल सहित सभी प्रमुख मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार संख्या दर्शन पूजन के निमित्त पहुंची।


सैम पित्रोदा का दावा : प्रसारित की अश्लील सामग्री

# ट्रिपलआईटी रांची में भाषण के दौरान किसी अज्ञात ने हैक कर लिया लिंक

यूजर्स ने कहा- इससे लोकतंत्र का क्या लेना-देना?

एजेंसी ▶▶ रांची

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने आरोप लगाया कि आईआईआईटी रांची में छात्रों से ऑनलाइन चर्चा के दौरान किसी ने उनके भाषण के लिंक को हैक कर अश्लील सामग्री प्रसारित की, जिसके कारण कार्यक्रम को बंद करना पड़ा। कई सोशल मीडिया यूजर्स उनके दावों पर सवाल उठाए गए। सैम के साथ संवादः उथल-पुथल के दौर में गांधी की



प्रासंगिकता विषय पर ऑनलाइन चर्चा के दौरान पित्रोदा ने यह दावा किया। इस चर्चा को उन्होंने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया था। पित्रोदा ने कहा कि हाल ही में मैं आईआईटी रांची के करीब 100 छात्रों से (ऑनलाइन) बात कर रहा था। अचानक किसी ने इसे हैक कर दिया और अश्लील सामग्री दिखाना शुरू कर दिया। हमारे पास इसे बंद करने के लिए अलावा कोई विकल्प नहीं था। वीडियो में पित्रोदा ने गलती से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) रांची को आईआईटी रांची कह दिया।

पित्रोदा ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि क्या उन्होंने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज कराई या नहीं। सैम ने इस घटना को लेकर लोकतंत्र पर सवाल उठाए हैं। यूजर्स ने कहा- इससे लोकतंत्र का क्या लेना-देना?

पूरे प्रदेश में बढ़ा दिन-रात का तापमान, तीन दिन जारी रहेगी बढ़त

दो मार्च को आएगा नया पश्चिमी विक्षोभ

# मौसम के तीन रंग : सुबह बादल, दोपहर में हवा तेज और शाम से 'गुलाबी सर्दी'

इससे पहले कुछ जिलों में छाएंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के साथ प्रदेशभर में बुधवार को दिन से शाम तक मौसम के तीन रंग दिखे। भोपाल सहित पूरे में सुबह हल्के से मध्यम बादल, दोपहर में धूप के साथ मध्यम से तेज हवाओं के साथ शाम से गुलाबी सर्दी का मौसम रहा। इधर, भिंड, मुरैना सहित चंबल संभाग के कुछ आंचलिक हिस्सों में बूंदाबांदी भी दर्ज हुई। गुरुवार तक रीवा, सतना, पन्ना और मैहर आदि जिलों में भी बौछारें पड़ने की उम्मीद है।




### यहां छाए बादल, आज बौछारें

*बुधवार सुबह से भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के सीहोर, रायसेन, खंडवा, रतलाम, शाजापुर, राजगढ़, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में बादलों का आना जाना रहा। शुक्ला के अनुसार गुरुवार को राजस्थान से लगे हिस्सों के साथ ही रीवा, सतना, पन्ना और मैहर आदि जिलों में भी बौछारें पड़ने की उम्मीद है।*

### कहां-कितना बदला तापमान?

*भोपाल में दिन का पारा 1.8 डिग्री बढ़कर 31.2 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा एक डिग्री बढ़कर 12.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.3 डिग्री कम है। बैतूल, धार, ग्वालियर, इंदौर, खंडवा, रतलाम, उज्जैन, मंडला, नौगांव, सागर, सिवनी, उमरिया और मलाजखंड में दिन का पारा एक से 3 डिग्री तक बढ़ा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 30 डिग्री रहा, जबकि रात के औसत तापमान में एक डिग्री की घट-बढ़ के साथ औसत न्यूनतम पारा 12 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा रात के तापमान में कमी सागर में 4.6 की रही। यहां पारा 11.5 डिग्री रहा। सबसे कम रात का तापमान पचमढ़ी में 6.8 डिग्री रहा।*

## मई में रूस का दौरा कर सकते हैं पीएम मोदी

# 80वीं 'महान देशभक्ति युद्ध परेड' में होंगे अतिथि, दोस्त 'पुतिन' से भी होगी मुलाकात, भारतीय सेना का एक दल भी होगा शामिल

*द्वितीय विश्व युद्ध में रूस के हाथों जर्मनी की हार हुई थी, 9 मई के दिन महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध समाप्त*



फाइल फोटो

पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय होगा, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत हो रही है। दोनों देशों के बीच पहले चरण की वार्ता इसी महीने सऊदी अरब के शहर रियाद में हुई है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी मई में एक बार फिर रूस का दौरा कर सकते हैं। रूसी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी मॉस्को के रेड स्कवायर पर आयोजित होने वाली 80वीं ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) परेड में बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। जिसे महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध भी कहा जाता है। पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय होगा, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत हो रही है। दोनों देशों के बीच पहले चरण की वार्ता इसी महीने सऊदी अरब के शहर रियाद में हुई है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस दौरान पीएम मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।

**उन सभी का स्वागत जो विजय दिवस का महत्व जानते: रूस**

### अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी आएंगे

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव ने कहा है कि पीएम मोदी के अलावा कई अन्य देशों के राष्ट्र प्रमुख भी ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर परेड में बतौर अतिथि शामिल हो सकते हैं। कई आमंत्रित देशों ने 9 मई को होने वाली परेड में आने की पुष्टि कर दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भी कहा है कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को परेड में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। उन्होंने कहा कि रूस उन सभी विदेशी मेहमानों का स्वागत करेगा जो विजय दिवस के महत्व को समझते हैं।

### एक माह पहले जाएगी सेना

*इसके अलावा, भारतीय सेना की एक टुकड़ी भी इस परेड में शामिल हो सकती है। सैन्य सूत्र ने बताया कि रेड स्क्वायर पर होने वाले परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक टुकड़ी की भागीदारी पर भी काम किया जा रहा है, जिसे रिहर्सल के लिए कम से कम एक महीने पहुंचना चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि भारतीय सैन्यकर्मियों को रूस भेजने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा चल रही है। भारतीय सेना का दल परेड से एक महीने पहले ही रूस जा सकता है ताकि परेड की रिहर्सल कर सके।*

### पिछले साल दो बार रूस गए थे पीएम

अगर पीएम मोदी रूस जाते हैं तो यह 2025 की उनकी पहली आधिकारिक रूस यात्रा होगी। बता दें, पीएम नरेंद्र मोदी साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा पर गए थे। जुलाई में पीएम मोदी का द्विपक्षीय दौरा था, जबकि अक्टूबर में वे रूस की अध्यक्षता में हुए 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल हुए थे।

### करीब 4 साल चला था युद्ध

*बता दें, द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रूस और नाजी जर्मनी के बीच लड़े गए युद्ध को ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध 22 जून 1941 से 9 मई 1945 तक चला था। यह मानव इतिहास के सबसे बड़े और खूनी युद्धों में से एक माना जाता है। जर्मनी की हार के साथ इस युद्ध की समाप्ति हुई थी।*

---

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर में भारतीय मूल के पांच लोगों को मिली सजा



**सिंगापुर।** एक होटल में पूर्व बाउंसर की मौत के कारण हुए दंगे में शामिल होने के आरोप में भारतीय मूल के पांच लोगों को दो से तीन साल की जेल और बेंत से मारने की सजा सुनाई गई है। श्रीधरन एलंगोवन को 36 महीने की जेल और बेंत से छह बार मारने की सजा दी गई, मनोज कुमार वेलायनथम को 30 महीने की जेल और चार स्ट्रोक की सज़ा दी गई, शशिकुमार पकिरसामी को 24 महीने की जेल और दो स्ट्रोक की सजा दी गई, पुथेनविला कीथ पीटर को 26 महीने की जेल और तीन स्ट्रोक की सजा सुनाई गई है और राजा ऋषि को 30 महीने की जेल और चार कोड़े मारने की सजा मिली।

### जम्मू-कश्मीर में पहली ई-एफआईआर दर्ज



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को पुलवामा के अवंतीपोरा में ईमेल और व्हाट्सऐप से खीव पुलिस स्टेशन एफआईआर दर्ज करने वाला प्रदेश का पहला स्टेशन बन गया। अवंतीपोरा पुलिस ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि अवंतीपोरा पुलिस ने ईमेल से की गई शिकायत के बाद पहली ई-एफआईआर दर्ज की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, न्यू कॉलोनी खीव निवासी मुश्ताक अहमद भट ने आदिल अहमद भट और बिलाल अहमद भट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने हमले में परिवार के घायल होने का आरोप लगाया।

---

## भारत ने दी चीन को सीधी चुनौती, बड़ी परियोजना का किया ऐलान

# अरुणाचल सीमा पर बनेगा 1400 किमी लंबा हाईवे, अब किसी भी मौसम में पहुंचेगी सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन सीमा के पास केंद्र सरकार ने बड़े हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे सीमांत इलाकों तक संपर्क में इजाफा होगा, इसके अलावा सुदूर अरुणाचल प्रदेश से अन्य राज्यों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। अरुणाचल प्रदेश पर तवांग नाम से चीन दावा करता रहा है। ऐसे में उसके लिए इतने बड़े प्रोजेक्ट का ऐलान कर भारत ने उसे सीधा संदेश दिया है। मोदी सरकार के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में लगे एक मेले के दौरान इसका ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि यह हाईवे चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से होकर गुजरेगा। यह एक सपने के पूरे होने जैसा होगा और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के लिए यह गेमचेंजर बनेगा। रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ रुपए की लागत आने वाली है। यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा।

> *केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ की लागत आने वाली है। यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा।*

**42,000 करोड़ रुपए की लागत से होगा तैयार**

### चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से गुजरेगा हाईवे




### पीएम मोदी ने दी मंजूरी

*रिजिजू ने कहा कि इससे पहले भी पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे, कोलकाता-चेन्नई हाईवे और जयपुर दिल्ली कॉरिडोर आदि पर बड़ी लागत लगी है, लेकिन रणनीतिक रूप से अहम प्रोजेक्ट्स की बात करें तो यह सबसे अहम होगा। यह हाईवे अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक रूप से संवेदनशील ईस्ट कामेंग, बिशोम, अपर सुबानसिरी, शी-योमी, अनजॉ और चांगलांग जैसे जिलों से होकर निकलेगा। रिजिजू ने कहा कि इतना अहम प्रोजेक्ट पीएम नरेंद्र मोदी के चलते ही मंजूर हुआ है।*

### चीन की सीमा से 20 किमी दूर

रिजिजू ने बताया कि इस हाईवे की कुल लंबाई 1400 किलोमीटर होगी और कई जगहों पर तो यह चीन की सीमा से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर होगा। अरुणाचल प्रदेश के जिस मेले में रिजिजू ने इस हाईवे का ऐलान किया, उसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। बोसीमला मेले को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि यह इलाका नेशनल हाईवे से दूर है। इसके बाद भी यहां उपराष्ट्रपति पहुंचे तो यह अहम बात है और इसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा।

### पूरा होने वाला है रिजिजू का सपना: उपराष्ट्रपति

*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए गर्व की बात है। यह रिजिजू का सपना था कि एक ऐसा हाईवे अरुणाचल के लिए मंजूर हो और अब वह पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि फंड को मंजूरी मिल चुकी है और अब पास काम शुरू होना है। उन्होंने कहा कि रिजिजू ने पीएम मोदी को आश्वस्त कर दिया है कि अरुणाचल प्रदेश में 50,000 मेगावॉट बिजली उत्पादन और 5 लाख करोड़ के निवेश की संभावनाएं हैं। न्योकुम योलो नाम के जिस मेले में रिजिजू और उपराष्ट्रपति मौजूद थे, वह अरुणाचल प्रदेश की निशी जनजाति का सबसे प्रमुख त्योहार माना जाता है।*




---

## पठानकोट में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई

# घुसपैठ की साजिश हुई नाकाम एक पाकिस्तानी को मार गिराया



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ पठानकोट

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को बुधवार को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पंजाब के पठानकोट में पाकिस्तान से सटे एरिया में एक घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया। बीएसएफ के जवानों ने ये कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार,पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बॉर्डर क्रॉस करने की तैयारी में था।

आरोपी भारतीय सीमा में घुस चुका था। बीएसएफ के जवानों ने उसे देखा और रुकने की चेतावनी दी। जवानों की चेतावनी के बाद भी घुसपैठिया भारतीय सीमा की तरफ कदम बढ़ाता चला गया। ऐसे में खतरे को भांपते बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

### घुसपैठिए की पहचान की जा रही

बीएसएफ के अनुसार, '26 फरवरी की सुबह ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। वह भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।'बीएसएफ के अनुसार, अभी घुसपैठिए की पहचान नहीं हो पाई है। बीएसएफ की टीमें पहचान की कोशिश कर रही हैं।

### सेना की गाड़ी पर आतंकी हमला

**राजौरी।** भारतीय सेना की गाड़ी पर बुधवार को लगभग दोपहर 1:30 बजे आतंकियों ने फायरिंग कर हमला किया। यह घटना सुंदरबनी से लगभग 6 किलोमीटर दूर पांडवों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक गंदेह मंदिर के साथ वाले जंगल क्षेत्र में घटी। इस घटना में भारतीय सेना के किसी भी जवान के हताहत या घायल होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन घटना के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान या पुष्टि नहीं की गई है। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों द्वारा इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

---

## नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



*काठमांडू। महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल के काठमांडू में बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा और दर्शन के लिए मंगलवार देर रात से ही लोगों की कतारें लगने लगी थीं। 'पशुपति क्षेत्र विकास न्यास' के सदस्य सचिव मिलन कुमार थापा ने बताया कि मंदिर मंगलवार देर रात सवा दो बजे खुला और भक्तों को चारों द्वारों से मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। पशुपतिनाथ मंदिर में बुधवार को नेपाल और भारत से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर में पूजा-अर्चना के सुचारू संचालन के लिए 4,000 सुरक्षा कर्मियों और 10,000 स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है।*

---

पूर्वी थाईलैंड में पलटी चार्टर्ड बस

## ब्रेक फेल होने से 18 की मौत, 31 घायल

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

पूर्वी थाईलैंड में बुधवार सुबह एक चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सड़क दुर्घटना प्राचीन बुरी प्रांत में उस समय हुई, जब बस उत्तरी थाईलैंड से तटीय रेयोंग प्रांत की यात्रा कर रही थी।

पुलिस ने बताया, जिस इलाके में घटना घटी है वो एक ढलान वाली सड़क थी और बस का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बस के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और फिर बस खाई में जा गिरी, जिसमें 18 लोग मारे गए।



### पीएम ने संवेदना जताई

बस में एक दल सवार था, जो नगरपालिका अध्ययन दौरे पर निकला था। घटना राजधानी बैंकॉक से 155 किमी (96 मील) पूर्व में घटी। थाईलैंड के पीएम पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने हादसे पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और जांच की बात कही। कहा वाहन मानकों को पूरा न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

## युद्ध विराम के नए समझौते पर बनी सहमति

# चार शवों के बदले इजराइल सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को करेगा रिहा

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजराइल और हमास के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले मृत बंधकों के शवों की अदला-बदली नीति पर दोनों तरफ से सहमति बन गई है। इजराइल और हमास के बीच नाजुक युद्धविराम के कम से कम कुछ और दिनों तक बरकरार रहने की संभावना है। इजराइल द्वारा 600 फिलिस्तीनी कैदियों को शनिवार को रिहा करना था, जिसमें देरी हुई।



### युद्धविराम असफल होने को था

दोनों तरफ से इस तरह के गतिरोध के कारण युद्धविराम के असफल होने का खतरा मंडराने लगा था। बता दें, युद्धविराम के छह सप्ताह के पहले चरण की अवधि इस सप्ताह समाप्त होने वाली है।

### नए कैदी होंगे रिहा

*युद्धविराम के तहत रिहा किए जाने वाले सैकड़ों अतिरिक्त कैदियों की वापसी का रास्ता साफ हो गया है। जैसे ही इजराइली बंदियों के शवों को सौंपा जाएगा फिर पहले रिहा किए जाने वाले कैदियों को और फिलिस्तीनी कैदियों के एक नए समूह को भी रिहा किया जाएगा।*

---

## ट्रंप ने यूक्रेन के साथ दुर्लभ खनिजों को लेकर किया ऐतिहासिक समझौता

# बदले में पहले की तरह अमेरिकी सैन्य सहायता रहने की दी गारंटी

एजेंसी ▶▶ कीव (यूक्रेन)

यूक्रेन और अमेरिका दुर्लभ खनिजों के दोहन संबंधी समझौते समेत एक व्यापक आर्थिक करार की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मामले से परिचित एक अधिकारी ने बताया कि कीव को उम्मीद है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने से यूक्रेन के लिए उस अमेरिकी सैन्य सहायता का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित हो जाएगा जिसकी उसे तत्काल आवश्यकता है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने बताया कि समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की संभावना है और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन जाने की योजना बनाई जा रही है।

### खास बातें

- कल समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद
- ट्रंप से मिल सकते हैं यूक्रेन के राष्ट्रपति
- यूक्रेन को अमेरिका से सैन्य मदद की दरकार



### 43 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने निवेशकों के लिए 35 साल पुराने वीजा की जगह 50 लाख अमेरिकी डॉलर में 'गोल्ड कार्ड' पेश करने की योजना बनाई है, जिसे लेने वाले अमेरिकी नागरिकता पाने के पात्र हो जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि अमीर और सफल लोग ये वीजा ले सकते हैं। वे काफी पैसा निवेश करेंगे, काफी कर का भुगतान करेंगे, काफी लोगों को नौकरी देंगे और मुझे लगता है कि यह (योजना) बहुत ही सफल होने वाली है। यह (गोल्ड कार्ड) एक ग्रीन कार्ड की तरह होगा, लेकिन किसी भी तरह के गड़बड़झाले से मुक्त होगा। यह लोगों, खासकर अमीर और प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए अमेरिकी नागरिकता लेने का रास्ता बनाएगा। ये गोल्ड कार्ड, ईबी-5 वीजा प्रोग्राम की जगह ले सकेगा, जो अब तक किसी भी विदेशी के लिए अमेरिकी कंपनियों में निवेश करके ग्रीन कार्ड लेने का सबसे आसान तरीका माना जा रहा है।

**एक हजार अरब डॉलर का होगा सौदा**

*यूक्रेन के अधिकारी ने बताया कि यह समझौता जेलेंस्की और ट्रंप को यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगा तथा यही कारण है कि कीव इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उत्सुक है। ट्रंप ने आधिकारिक कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में कहा कि उन्होंने सुना है कि जेलेंस्की आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वह आना चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है और वह मेरे साथ मिलकर इस पर हस्ताक्षर करना चाहेंगे। ट्रंप ने कहा कि यह एक हजार अरब डॉलर तक का सौदा हो सकता है।*

---

## सूडान में बड़ा विमान हादसा

# दुर्घटना का शिकार हुआ सैन्य विमान, 49 की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶ यकाहिरा

सूडान के ओमदुरमान शहर में एक सैन्य विमान वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। दुर्घटनाग्रस्त विमान 'एंटोनोव' मॉडल का था, जो टेकऑफ़ के दौरान संतुलन खो बैठा और एक रिहायशी इमारत से टकरा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद विमान में आग लग गई और घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। सैन्य और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बयान में बताया कि एंटोनोव विमान



मंगलवार को ओमदुरमान के उत्तर में वादी सईदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ओमदुरमान राजधानी खार्तूम की सिस्टर सिटी है। सेना के बयान के मुताबिक, दुर्घटना में सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 46 लोग मारे गए, जिनके शवों को ओमदुरमान के नाउ में स्थानांतरित कर दिया गया है।




## खबर संक्षेप

### युवक की नींद में आया साइलेंट अटैक, मौत



**भोपाल।** मंगलवार रात को बैरागढ़ क्षेत्र में एक युवक खाना खाकर सोया था, फिर सुबह उठा ही नहीं। मृतक का नाम अमित मालवीय था। बुधवार सुबह हमीदिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। डॉक्टरों ने परिजन को बताया कि अमित को साइलेंट अटैक आया। मौत के सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### धौलपुर में बाइक सवारों पर ही पलटा ट्रक, 2 मरे



**धौलपुर।** राजस्थान के धौलपुर में एक ओवरस्पीड ट्रक बाइक सवार युवकों पर लहराते हुए पलट गया। ट्रक के नीचे दबने और बाइक में आग लगने से दोनों की मौत हो गई। ट्रक को हाइड्रा मशीन से हटाकर दोनों को बाहर निकाला गया। हादसा मंगलवार शाम धौलपुर-बाड़ी रोड़ पर हुआ। हादसे का सीसीटीवी फुटेज आज सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार भोगीराम नगर के रहने वाले थे।

### स्विगी इंस्टामार्ट ने पर्व पर डिलिवरी रोकी



**नई दिल्ली।** स्विगी इंस्टामार्ट ने बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर पुणे, दिल्ली, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे चुनिंदा शहरों में डिलिवरी के लिए अंडे, मांस और मछली सहित मासांहारी सामग्रियों को हटा लिया। हालांकि कुछ शहरों में शाम तक डिलिवरी बहाल कर दी गई। त्वरित वाणिज्य मंच के ऐप में यह प्रदर्शित हुआ। निर्णय धार्मिक भावनाओं का सम्मान के लिए ऐसा किया गया।

### तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.2 % का अनुमान



**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक वृद्धि के लिहाज से ऐसा लगता है कि बुरा दौर समाप्त हो गया है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी की एक रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। डॉयचे बैंक की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। इसके कारण अर्थव्यवस्था की मजबूती को लेकर चिंताएं थीं।

## बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले मंत्रिमंडल का विस्तार

# बिहार के अखाड़े में संतुलन का दांवः 7 भाजपा विधायक बने मंत्री, क्षेत्र और जातियों को साधा

**राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार**

एजेंसी ▶▶ पटना

लंबे समय से मंत्री बनने का इंतजार कर रहे विधायकों का सपना आखिरकार पूरा हो ही गया। मुख्यमंत्री नतीश कुमार ने भाजपा के सात मंत्रियों को मंत्री बना दिया। सोमवार को राजभवन में विधिवत शपथ भी हो गई। सात भाजपा विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। ये सभी भाजपा के कोटे से मंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कृष्ण कुमार मंटू, विजय मंडल, राजू सिंह, संजय सारावगी, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले भाजपा के इन सातों विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इससे भाजपा की बिहार सरकार में भूमिका और मजबूत हुई है। जानकारों के मुताबिक इसे भाजपा का बड़ा दांव माना जा रहा है। साथ ही जानकार मानकर चल रहे है कि राज्य में क्षेत्र, जाति को साधने का प्रयास है।

बिहार में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले बुधवार को नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं। सोमवार को मंत्री बनाए गए सभी विधायक भाजपा के हैं। इनमें 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से हैं। राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13, बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं। दरभंगा से भाजपा विधायक संजय सरावगी ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद सुनील कुमार (बिहार शरीफ), जीवेश मिश्रा (जाले), राजू सिंह (साहेबगंज), मोतिलाल प्रसाद (रीगा), कृष्ण कुमार उर्फ मंटू (अमनौर), विजय मंडल (सिकटी) मंत्री बने।

**बिहार में एनडीए ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी**

**जातिगत संतुलन**

- 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से मंत्री बनाए गए हैं।

**क्षेत्रीय संतुलन**

- इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से मंत्री बनाए गए हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं।

**नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 21 |
| जेडीयू | 13 |
| हम | 1 |
| निर्दलीय | 1 |



### मिथिलांचल एनडीए का गढ़, गठबंधन के 30% विधायक यहीं से

बिहार में कुल 243 सीटें हैं। एनडीए के पास 131 सीटें हैं। इनमें से 40 सीटें मिथिलांचल से हैं। इसलिए मिथिलांचल को एनडीए का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के 6 जिलों (सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली) में 60 सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से एनडीए को 40 सीटें मिली थीं। आगामी चुनाव को देखते हुए यहां से 4 विधायक मंत्री बनाए गए हैं। दो पहले से मंत्री हैं। मंत्री बने एक विधायक बिहार शरीफ (दक्षिण बिहार) से हैं।

### अपनी रणनीतियों पर काम कर रही पार्टियां

दरअसल, विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियां अपनी रणनीतियों पर काम कर रही हैं। भाजपा का यह कदम भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा ने कैबिनेट विस्तार में जातिगत संतुलन का ध्यान रखा है। अति पिछड़ी जातियों से लेकर अगड़ी जातियों तक को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

### चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती पार्टियां

भाजपा के इस कदम से साफ है कि वह चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। जातिगत समीकरणों को साधकर पार्टी अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। कैबिनेट विस्तार के बाद बिहार की राजनीति में नई गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। विपक्षी दल भी अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति और भी दिलचस्प होने वाली है।

### 6 मंत्री पद खाली थे जायसवाल के इस्तीफे के बाद 7 हो गए

नीतीश मंत्रिमंडल में 6 मंत्रियों की जगह खाली थी। बुधवार को दिलीप जायसवाल के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 7 जगह खाली हो गईं। बुधवार सुबह राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफे के बाद कहा- भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का फॉर्मूला है, इसलिए मैंने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ये मुख्यमंत्री जी का अधिकार है। इसमें जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा जाएगा।

## तमिलनाडु में स्टालिन पर बरसे शाह

# बोले- यहां जल्द भाई भतीजावाद की दुकान बंद हो जाएगी

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर जोरदार हमला बोला। गृह मंत्री ने सरकार और उसके नेताओं पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाया। कोयंबटूर, तिरुवन्नामलाई और रामनाथपुरम में भाजपा जिला कार्यालयों के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, भ्रष्टाचार के मामलों में डीएमके के सभी नेताओं के पास मास्टर डिग्री है। उनका एक नेता नौकरी के लिए पैसे के मामले में फंसा है, दूसरा मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध रेत खनन में शामिल है और तीसरा आय से अधिक संपत्ति से संबंधित आरोपों का सामना कर रहा है। तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए शाह ने कहा, एमके स्टालिन के बयान में कोई सच्चाई नहीं है।। मोदी सरकार ने पिछले पांच सालों में तमिलनाडु को 5 लाख करोड़ रुपए दिए हैं।



### असली अन्याय तो यूपीए सरकार ने किया था

उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री अक्सर दावा करते हैं कि राज्य को केंद्र के हाथों अन्याय का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यूपीए और एनडीए के तहत वितरित धन की तुलना से पता चलता है कि असली अन्याय यूपीए शासन में हुआ था। डीएमके का मजाक उड़ाते हुए शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को एमके स्टालिन की पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होना चाहिए।

### परिसीमन के बाद सीटें नहीं होंगी कम

गृह मंत्री ने कहा कि कभी-कभी ऐसा लगता है कि जैसे डीएमके ने सदस्यता अभियान के जरिए समाज के सभी भ्रष्ट लोगों को डीएमके में शामिल कर लिया है। एमके स्टालिन और उनके बेटे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई मुद्दे उठा रहे हैं। वे परिसीमन को लेकर बैठक करने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने साफ़ कर दिया है कि परिसीमन के बाद भी दक्षिण के किसी भी राज्य की सीटें कम नहीं होंगी।

# सुनसान में खड़ी बस में महिला से रेप, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ दरिंदा

एजेंसी ▶▶ पुणे






महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक सीरियल अपराधी ने स्वारगेट बस डिपो में खड़ी महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस में 26 वर्षीय महिला के साथ रेप किया। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है, जब पीड़िता अपने गृहनगर सतारा जिले के लिए बस पकड़ने के इंतजार में थी। स्वारगेट पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान दत्ता गाडे के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पहले से ही चोरी और चैन स्नेचिंग के कई मामले दर्ज हैं। पीड़िता के अनुसार, वह मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे स्वारगेट बस स्टैंड के एक प्लेटफॉर्म पर पैठण जाने वाली बस का इंतजार कर रही थी। तभी आरोपी ने उसे यह कहकर गुमराह किया कि उसकी बस दूसरे प्लेटफॉर्म पर खड़ी है। संदिग्ध ने उसे डिपो में खड़ी राज्य परिवहन निगम की शिवशाही बस में चढ़ने को कहा। महिला उसकी बातों में आ गई और उसके साथ वहां तक चली गई।

**गोविंदा के वकील ने कहा...**

# छह महीने पहले ही गोविंदा को तलाक देना चाहती थीं सुनीता

**गोविंदा और उनकी पत्नी अलग-अलग नहीं रहते**

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते में दूरियां आने की खबरें चल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों तलाक लेने वाले हैं। इस तरह की खबरों पर गोविंदा के वकील ने चुप्पी तोड़ी है। उनके वकील ललित बिंदल ने कहा कि सुनीता ने छह महीने पहले ही तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी थी।

हालांकि, फिलहाल, दोनों के रिश्ते मजबूत हैं। ललित बिंदल ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि गोविंदा और उनकी पत्नी अलग-अलग अपार्टमेंट में रहते हैं। उन्होंने बताया कि गोविंदा ने सांसद बनने के बाद अपने आधिकारिक इस्तेमाल के लिए यह बंगला खरीदा था और यह उस फ्लैट के ठीक सामने है, जिसमें वे अपनी शादी के बाद से रह रहे हैं।

## महाशिवरात्रि पर कुबेरेश्वर धाम पहुंचे करीब दो लाख श्रद्धालु

# कुबेरेश्वर धाम के लिए सीहोर स्टेशन पर 11 जोड़ी ट्रेनों का अस्थाई स्टापेज

**वाहनों की पार्किंग के लिए 14 स्थानों पर लगभग 100 एकड़ में व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन महाशिवरात्रि पर करीब दो लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचे। रविवार रात हो धाम पर बने सभी पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भर गए थे।

वाहनों की पार्किंग के लिए 14 स्थानों पर लगभग 100 एकड़ में व्यवस्था की गई है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने भोजनशाला में हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया। महोत्सव में 27 फरवरी और 1 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायक प्रस्तुति देंगे। बस स्टैंड से 25 रुपए और रेलवे स्टेशन से 30 रुपए ऑटो किराया लिया जा रहा है। इंदौर-भोपाल मार्ग को भोपाल की ओर से आने वाले वालों वाहनों को क्रिसेंट चौराहे से भाउखेड़ी होते हुए डायवर्ट किया है। महाशिवरात्रि मेले के दौरान सीहोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए वहां से गुजरने वाली 11 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है।




सीहोर में रेलवे स्टेशन से कुबेरेश्वरधाम तक भक्तों की कतारें



## चिंतन

# सनातन व सामाजिक एकता का जनोत्सव बना महाकुंभ

महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ महाकुंभ का समापन हो गया। इस बार करीब 66 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जनोत्सव का विश्व रिकार्ड बना। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। टेंट में आग लगने की घटना और भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की मौत के चलते सरकार के इंतजाम पर जरूर सवाल उठे, लेकिन समग्रता में महाकुंभ का आयोजन सफल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के मेला प्रशासन अगर सजग रहते तो भगदड़ जैसी घटना नहीं होती। समस्त हिंदू आबादी के आधे लोगों का एक माह के दौरान संगम में जाकर स्नान करना सनातन जागृति का बड़ा सबूत है। देश व विदेश के करोड़ों सनातनी श्रद्धालु प्रयाग के संगम तट पर पहुंचे, इनमें आमजन से लेकर फिल्मी सितारे, उद्योगपति, राजनेता सभी शामिल रहे। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां-जहां गिरीं, वहां-वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके थे। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अनूठा सांस्कृतिक आयोजन बना। महाकुंभ संस्कृति, आस्था, सामाजिक समरसता और आर्थिकी सबका संगम साबित हुआ। भारतीय समाज विभिन्न स्तर पर विभाजित है, धर्म, जाति, भाषा व क्षेत्र आदि। महाकुंभ के दौरान जाति, क्षेत्र, भाषा आदि सभी दीवार टूटती दिखी, सभी ने सनातन की छतरी के नीचे संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में भारतीय संस्कृति की ताकत दिखी, सनातन का प्रभाव और आस्था के जागरण का उत्सव दिखा। सभी वर्ग के लोगों में कुंभ स्नान के लिए जाने की ललक सांस्कृतिक एकता व जागरण को दर्शाती है। महाकुंभ उत्तर प्रदेश सरकार के लिए आर्थिक उपलब्धि के तौर पर भी साबित हुआ। यूपी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन में करीब 7500 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन एक माह में करीब 3 लाख करोड़ रुपये लोगों ने खर्च किए, जिससे सरकार को बड़ा राजस्व भी मिला, प्रयागराज समेत स्थानीय लोगों का व्यापार बढ़ा। रेलवे, बस व विमानन क्षेत्र की आमदनी बढ़ी। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर, काशी में बाबा विश्वनाथ कोरिडोर, नेपाल के लुंबिनी से बिहार के गया तक भगवान बुद्ध गलियारा समेत देश में अनेक मंदिरों के आसपास बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया है। देश में कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है। संगम तट पर महाकुंभ की सफलता से उत्साहित महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महाकुंभ जैसे आयोजन बड़ा योगदान दे रहे हैं। इससे सामाजिक दीवारें भी टूट रही हैं। आजादी के करीब सात दशक बाद भारत ने अपनी सनातन संस्कृति की शक्ति को पहचाना है और सरकार के स्तर पर इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण व सनातन के उदगार का ही नजारा है। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था, लेकिन महाकुंभ व हज जैसे आस्था के उत्सव सामूहिक सांस्कृतिक जागृति, सामाजिक एकता और मानवता-करुणा के संदेश को आगे बढ़ाते हैं।



विधेयक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# आयकर व्यवस्था में सुधार की पहल

> नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

यकीनन लोकसभा में प्रस्तुत नया आयकर विधेयक आयकर व्यवस्था में सुधार, करदाताओं को राहत और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। यदि हम देश में आयकर का इतिहास देखें तो पाते हैं कि वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से वर्ष 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाइल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन प्रयासों से 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़




लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है।

वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुट्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है बल्कि यह करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। साथ ही यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में मदद करता है। खास तौर से इस समय जब वर्ष 2047 में देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढ़ने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है।

अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को 'कैपिटल एसेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी है। आय छिपाने पर अकाउंट सीज़ और संपत्ति जब्त करने के अधिकार होंगे। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि यह कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निःसंदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा। साथ ही कर दरें घटाने पर भी ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि नए आयकर कानून 2025 के तहत सरल कर ढांचा और सरल कानून सभी के लिए मददगार होंगे और देश की जीडीपी में आयकर का अधिक योगदान बढ़ने से अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मोटापा
शिशिर शुक्ला



# स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी की अहम पहल


आज मोटापे की समस्या दिन-ब-दिन मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीरतम रूप लेती जा रही है। एक सीमा से अधिक मोटापा हर हालत में जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक जागरुकता अभियान चलाया है। खास बात यह है कि इस अभियान में सहायता हेतु उन्होंने देश की जानी-मानी हस्तियों को नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रत्येक देशवासी से अपने भोजन में तेल की खपत को दस फ़ीसदी तक कम करने का अनुरोध किया है। निश्चित रूप से किसी देश के मुखिया के द्वारा ऐसा कदम उठाया जाना एवं अपनी जनता से स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण अपील किया जाना उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण दूरदर्शिता का परिचायक है। गौरतलब है कि मोटापे की समस्या के पीछे उत्तरदायी कारकों में जो सबसे महत्वपूर्ण कारक है, वह है—अनियमित जीवन शैली एवं अनियंत्रित खान-पान। ये दोनों कारक आज के युवा एवं किशोरवर्ग के संदर्भ में कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि वे न तो किसी नियमित दिनचर्या का पालन कर रहे हैं एवं न ही कोई व्यवस्थित खानपान उनकी जीवन शैली का हिस्सा बन पा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि कोल्ड ड्रिंक पीने एवं बर्गर व पिज़्ज़ा जैसे फास्ट फूड खाने की लत युवाओं को समय से पहले बूढ़ा कर रही है। नतीजा यह हो रहा है कि समय से पहले युवा मोटापे की चपेट में आकर अनेक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि ऐसे युवा जो नियमित रूप से चिप्स, बिस्किट, पिज़्ज़ा, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं उनके बीमार होने एवं सुस्त रहने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। इटली के इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूरोलॉजिको के वैज्ञानिकों ने 22495 वयस्कों पर किए गए शोध के अनुसार निष्कर्ष निकाला है कि डिब्बाबंद खाना खाने से बुढ़ापा जल्दी आ सकता है। इसके साथ ही फास्ट फूड एवं डिब्बा बंद भोजन का सेवन करने से मोटापे की समस्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है जो भविष्य में मधुमेह एवं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को भी खींच लाती है। एक बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर को उत्तम स्वास्थ्य से दूर करने का एक महत्वपूर्ण कारण बन जाता है। किसी देश के विकास के लिए यह परम आवश्यक है कि वहां का युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त हो। मोटापे की समस्या कहीं न कहीं युवाओं के अंदर कार्य के प्रति लगन एवं उत्साह को भी क्षीण करने का कार्य करती है। नतीजा यह होता है कि वह स्वयं के विकास, परिवार के विकास, समाज की प्रगति एवं राष्ट्र की उन्नति में वह भूमिका नहीं निभा पाता जोकि उससे अपेक्षित होती है। एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में भारत में लगभग सात करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त थे जिनमें 4.4 करोड़ महिलाएं एवं 2.6 करोड़ पुरुष थे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि इतनी बड़ी संख्या में 50 लाख से अधिक बालिकाएं एवं 70 लाख से अधिक बालक शामिल थे जिनकी आयु 19 वर्ष से कम थी।

आईसीएमआर की एक अन्य रिपोर्ट यह कहती है कि वर्तमान में भारत में बारह करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल एवं सांस फूलने जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सुस्पष्ट है कि ये सभी बीमारियां मोटापे की वजह से ही उत्पन्न होती हैं। आज के युवाओं की जीवनशैली से शारीरिक श्रम तो बिल्कुल गायब सा होता जा रहा है। उनका अधिकांश समय मोबाइल फोन, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप पर कार्य करते हुए बीत जाता है। ऑफिस से घर एवं घर से ऑफिस वाली दिनचर्या उन्हें शारीरिक व्यायाम से कोसों दूर लेती जा रही है। निस्संदेह भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने वाली मोटापे की समस्या की चिंता करते हुए उठाया गया कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को भी यह समझना होगा कि इस अभियान को सफल बनाना प्रत्येक व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है। जब तक हम स्वयं समस्या की गंभीरता एवं इसके प्रभावों के विषय में जागरूक नहीं होंगे, तब तक हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति इस समस्या के संदर्भ में कोई योगदान नहीं कर सकते। यह एक कड़वा सच है कि समस्या का पूर्णरूपेण उन्मूलन तभी संभव है जब समाज का हर तबका एवं देश का हर नागरिक इस समस्या की जड़ तक जाते हुए इससे मुक्त होने का भरसक प्रयास करे।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रज्ञा के जागरण से बदलेगी दृष्टि



संकलित
दर्शन

आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है- दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है-दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।' पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है- सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है- सत्य का साक्षात्कार होगा। जो ज्ञान बाहर से पैदा होता है वह है- इंद्रिय ज्ञान। प्रज्ञा है- आंतरिक ज्ञान। वह 'आयसमुत्था' बाहर से पैदा नहीं होती। एक अनपढ़ आदमी बहुत प्रज्ञावान और बहुत ज्ञानी हो सकता है। एक पढ़ा-लिखा आदमी बड़ा मूर्ख हो सकता है। प्रज्ञा का जागरण भीतर होता है। शक्ति का जागरण भीतर होता है। हम बाहर शक्ति को खोजते हैं। किंतु मूल स्रोत हमारे भीतर है। प्राण शक्ति प्रबल होती है तो बाहर की शक्ति भी काम आती है। प्राण शक्ति नहीं है तो बाहर की शक्ति भी सहारा नहीं दे सकती।

## हर दिन को होगा सुखद और आनंददायक



संकलित
प्रेरणा

जीवन के हर दिन को आप सुखद बनना चाहते हैं लेकिन हर दिन आपका कैसा सुखद बनेगा। इस विषय में अगर आप सोच विचार कर रहे हैं तो सद्गुरु श्री मधुसूदन साई के बताए आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए। वस्तुतः, आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंद की लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। वह करें, जिसके लिए आप जन्मे हैं। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### सड़क पर बेजा कब्जा

राजधानी की सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों के बेजा कब्जे से सड़कों पर जाम लगने लगा है। सुबह और शाम के वक्त संतोषीनगर से रिंग रोड तक पहुंचना मुश्किल होता है। रिंग रोड के आसपास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। खासकर दुकानदार कई फीट सड़क पर सामान रख रहे हैं। ऐसे में सड़कें संकरी हो जाती है और लोगों का गुजरना मुश्किल होता है। निगम और ट्रैफिक पुलिस एक-दो बार कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं। फिर स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

**- राजेंद्र कुमार**, संतोषीनगर

## करंट अफेयर

### इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद के लिए एम्स में केंद्र

बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।



## ऑफ बीट

### मंगल ग्रह का लाल रंग लौहयुक्त खनिज की उपस्थिति के कारण

एक नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह-युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है और इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह अतीत में रहने योग्य रहा होगा। 'नेचर कम्युनिकेशन्स' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक - फेरिहाइड्राइट - ग्रह के रंग का कारण हो सकता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो तथा अध्ययन के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे विश्लेषण से, हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवतः चट्टान संरचनाओं में भी है। हालांकि, चूंकि फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है।



## ट्रेंड

### कन्नड़ के लिए गर्व का क्षण

कन्नड़ साहित्य के लिए गर्व का क्षण है। बानू मुश्ताक का कन्नड़ लघुकथा संग्रह अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की लॉग लिस्ट में शामिल हुआ है। यह हमारी भाषा और संस्कृति के लिए एक बड़ा सम्मान है!

-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक



### निवेशकों का भरोसा उठ रहा

देश के शेयर बाज़ार के लगातार गिरने का कारण यदि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाज़ार से पैसा निकालना है तो ये दर्शाता है कि विदेशी निवेशकों का भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है। निवेश को आकर्षित करने के नाम पर जो करोड़ों ख़र्च किया जाता है, वो कितना निरर्थक है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### बीएफआई का चुनाव

भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। इसके लिए मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द चुनाव कराने की जरूरत है। अगर कोई जिम्मेदारी मिलती है तो मुझे योगदान करने में खुशी होगी।

-विजेंदर सिंह, भारतीय मुक्केबाज



### थ्रिलर श्रृंखला की शूटिंग

कुछ रहस्य यूं ही नहीं खुलते, वे आपको अंदर खींच लेते हैं, आपको अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं और जाने नहीं देते। हमें इस मामले में एक सुराग मिल गया है। एक नई रहस्य थ्रिलर श्रृंखला बन रही है! इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।

परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### जबलपुर संभाग में निवेश के बड़े प्रस्ताव आए

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से खुलेंगे विकास के द्वार

**हरिभूमि, जबलपुर। विगत दिनों भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जबलपुर संभाग को क्या मिला इस पर भी चर्चा हो रही। बताया जा रहा है की भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने जबलपुर संभाग को विकास के नए आयाम दिए हैं, जिले से जुड़े जिन प्रस्तावों पर चर्चा हुई है वो क्षेत्र के आर्थिक और औद्योगिक परिदृश्य को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखते हैं।**

समिट के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, खनिज, ऊर्जा, शहरी विकास और उद्योग क्षेत्रों में निवेश के बड़े प्रस्ताव सामने आए हैं, जो हजारों लोगों को रोजगार के अवसर देने की दिशा में अहम कदम साबित होंगे। 200 करोड़ रुपये से बनने वाला टेक्नोलॉजी सेंटर और स्थानीय उद्योगों में निवेश की योजनाएं जबलपुर के लिए एक नई राह खोल रही हैं। साथ ही, गारमेंट और फूड उद्योग में भी संभावनाएं बढ़ रही हैं, जिससे रोजगार और समृद्धि का द्वार खुल सकता है। इन सभी प्रस्तावों और योजनाओं के साथ, जबलपुर संभाग एक नई ऊर्जा और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि इन प्रस्तावों पर अमल हुआ तो संभाग के हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।जानकारी के मुताबिक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जबलपुर में 200 करोड़ रुपये से बनने वाले टेक्नोलॉजी सेंटर पर खास ध्यान केंद्रित किया गया। इस सेंटर के निर्माण से न केवल तकनीकी विकास होगा, बल्कि क्षेत्र में नई रोजगार संभावनाओं का द्वार भी खुलेगा। इसके साथ ही, एमएसएमई सम्मेलन में जबलपुर जिले के लिए 200 करोड़ रुपये के 13 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे लगभग 1500 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### गारमेंट एवं फूड पर गया ध्यान

जबलपुर जिला गारमेंट के लिये जाना जाता है, वहीं फूड कल्सटर के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं. एमएसएमई और स्टार्टअप सम्मेलन के दौरान केंद्रीय एमएसएमई विभाग की एडीशनल डेवलपमेंट कमिश्नर अश्विनी लाल ने जबलपुर में बन रहे टेक्नोलॉजी सेंटर के बारे में जानकारी दी। सम्मेलन में स्थानीय और बाहरी निवेशकों ने फूड और गारमेंट इंडस्ट्री में निवेश की इच्छा जताई है और इस क्षेत्र में अपनी इकाइयाँ स्थापित करने की योजना बनाई है।

समिट के दौरान महाकोशल उद्योग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डीआर जेसवानी, उपाध्यक्ष अशोक परियानी, सहसचिव भानु शुक्ला और अन्य व्यापारिक संगठनों ने इस समिट को जबलपुर संभाग के लिए नई ऊर्जा देने वाला बताया।

### जबलपुर को मिल सकता है इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर

समिट के दूसरे दिन, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से घोषणा की कि 2025 तक 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन की शुरुआत हो जाएगी। मध्यप्रदेश में दो इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से एक जबलपुर में है। इस क्षेत्र में निवेश के साथ-साथ 6 वर्षों में लगभग 150 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे करीब 1200 नए रोजगार का सृजन होगा।



# आसमान में फिर घिर आये बादल

## उत्तरी हवाओं से पारे में गिरावट

**जबलपुर**। आसमान में एक बार फिर बादल आ गये हैं। बुधवार को दिन और रात के तापमान में आंशिक गिरावट आई है। मौसम सुहाना बना हुआ था न ज्यादा गर्मी न ज्यादा ठंडी रही। रात में जरुर शीतल बयारें चलती रही। हवा में नमी घट गई है। उत्तरी हवाओं की रफ्तार बढ़ने से रात में ठण्ड का अहसास बरकरार है। जबकि दिन में मौसम सामान्य बना हुआ है। बादलों की वजह से संभाग के कुछ स्थानों पर पानी की बौछारें भी पड़ सकती हैं। लेकिन जबलपुर में बारिश की संभावना नहीं है। बारिश के बाद ठण्ड थोड़ा सा प्रभाव जमा सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोप का आंशिक असर पूवी मध्यप्रदेश में आ रहा है। इससे मौसम में एक बार फिर बदलाव की गुंजाइश बन गई है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता के मुताबिक उत्तर हवाओं की रफ्तार तेज होने की वजह से तापमान अपनी अकड़ नहीं दिखा पा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस समान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 65 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत रही। सूर्योदय सुबह 6.33 मिनिट पर और सूर्यास्त 6.12 मिनिट पर हुआ। उत्तरी हवाएं 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 6.8 डिग्री तापमान पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री दर्ज किया गया था।



# नारी का सम्मान जहां है, संस्कृति का उत्थान वहां है

हरिभूमि, जबलपुर।

पुस्तक मेले के दूसरे दिन बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा भविष्य निर्माण के आवश्यक सूत्र, उज्जवल भविष्य तथा स्वावलंबी जीवन, जीवन जीने की कला, सुखी दांपत्य के रहस्य आदि पुस्तक खरीद कर अपने जीवन को सफ ल बनाने का संकल्प लिया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अचल पालीवाल द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि सारी दुनिया का ज्ञान प्राप्त करके भी खुद को ना पहचान पाए तो मनुष्य का सारा ज्ञान निरर्थक है। उनका पूरा परिवार विगत 50 वर्षों से अधिक से गायत्री परिवार और आचार्य जी से जुड़ा हुआ है और आज उन्हीं के संस्कारों को लेकर अपने जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्हें हमेशा आचार्य जी के साहित्य से ज्ञान, संस्कार, शांति और निर्णय करने में महत्वपूर्ण सूत्र हासिल होते हैं।

**पुस्तक मेला में नगर के बुद्धिजीवियों का समागम**

आरएसएस के नगर संचालक आनंद जी द्वारा बताया गया कि सनातन धर्म को आज विश्व धर्म बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि कहीं शांति है तो वह सनातन धर्म ही है, नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ हरिशंकर दुबे ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी का सम्मान है, हमारी संस्कृति में पृथ्वी, आकाश, नदी, पर्वत सभी के प्रति सम्मान की भावना है, आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से अवगत कराना हम सभी का उत्तरदायित्व है और जब तक युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति सनातन और राष्ट्र भावना से उत्प्रेरित नहीं हो जाती तब तक राष्ट्र का सच्चा विकास संभव नहीं, आज हमारे युवाओं को राष्ट्रीय भावना से जोडऩा सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## होमगार्ड सैनिकों के दो माह के काल ऑफ पर रोक

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता होमगार्ड सैनिकों के सेवा में निरंतर बने रहने की अंतरिम राहत दे दी। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सेवा के बीच में दो माह का काल आफ देने पर रोक लगा दी। साथ ही होमगार्ड के डायरेक्टर जनरल, एडीशनल कमांडेंट होमगार्ड और छिंदवाड़ा व सीहोर के जिला कमांडेंट को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी प्रकाश सूर्यवंशी, दीपक उइके, स्पर्श यादव तथा सीहोर निवासी देवेन्द्र कुमार की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ताओं को दो माह का काल आफ दिया गया है। शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के काल आफ को बदलकर तीन वर्ष में दो माह का काल आफ कर दिया है। वर्ष 2010 में होमगार्ड सैनिकों द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाई कोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्ड की सेवा नियम बनाए एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखे। इसका पालन न होने पर अवमानना याचिका दायर हुई थी।

# ठेकेदारी अवधि के दौरान बिना खनन के फिक्स रायल्टी लेना अनुचित

### -हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्रविधानों को किया निरस्त, फिक्स रायल्टी के नियम को असंवैधानिक ठहराया

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में ठेकेदारी अवधि के दौरान बिना खनन के भी फिक्स रायल्टी वसूलने वाले राज्य सरकार के रेत (खनन, परिवहन, भंडारण व व्यापार) नियम के दो प्रावधान निरस्त कर दिए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने फिक्स रायल्टी के नियम को माइन एंड मिनरल डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन (एमएमडीआर) एक्ट 1957 की धारा 15(3) के विरुद्ध मानते हुए असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने नर्मदापुरम जिले के रेत ठेकेदार आरके ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी की याचिका पर यह आदेश पारित किया। प्रकरण के अनुसार माइनिंग विभाग ने नर्मदापुरम में 118 खदानों से रेत खनन के लिए निविदा बुलाई थी। शर्त थी कि ठेकेदार प्रतिवर्ष 80 लाख क्यूबिक मीटर रेत का खनन कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ठेकेदार को 2021 से 2023 तक के लिए ठेका



आवंटित किया गया। पहले यह करार किया गया कि याचिकाकर्ता प्रत्येक तिमाही में पैसा जमा करेगा। बाद में नियम में बदलाव कर पूरा पैसा 12 किश्तों में देने कहा गया। पर्यावरण अस्वीकृति के कारण याचिकाकर्ता कुछ खदानों से रेत खनन नहीं कर पाया। बाद में विभाग ने ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और ठेका निरस्त कर दिया। उक्त दो प्रावधानों की वैधानिकता को चुनौती दी गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि चूंकि उक्त प्रावधानों को असंवैधानिक करार दिया गया है, इसलिए याचिकाकर्ताओं को जारी नोटिस और वसूली को निरस्त किया जाता है। हालांकि कोर्ट ने माइनिंग विभाग को यह स्वतंत्रता दी कि वह रेत के वास्तविक उपयोग के आधार पर फ्रेश नोटिस जारी कर मांग पत्र जारी कर सकता है।

# आधारताल में धूमधाम से निकली शिव-पार्वती की बारात

**जबलपुर**। सार्वजनिक नवशक्ति खेरमाई मंदिर विकास समिति नेता कालोनी आधारताल के द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्र के पावन अवसर पर नवशक्ति खेरमाई मंदिर से दोपहर 02 बजे भगवान शिव-पार्वती की बारात निकाली गई जो निर्भय नगर, संजय नगर, पुनीत नगर, मिल्क स्कीम, आधारताल सब्जी बाजार, बिरसा मुंडा चौक पहुंची, यहां शिव-पार्वती विवाह धूमधाम से आयोजित किया गया, तत्पश्चात शिव-पार्वती जी की विदाई होने के पश्चात कटरा मोड़, मालबाबा होते हुए मंदिर परिसर में बारात का समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, सौरभ नाटी शर्मा, चमन पासी, मोना चौहान, पप्पू केवट, सोनेलाल पटेल, प्रदीप तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, संजय पांडे, गंगा सिंह ठाकुर, सुबोध पहाड़िया, संतोष लोधी, गजेन्द्र श्रीवास्तव सहित हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। शिव-पार्वती विवाह का जगह-जगह नागरिकों ने स्वागत किया।



## मानव सेवा परीक्षण शिविर पुत्रीशाला स्कूल बेलबाग में संपन्न

**जबलपुर**। पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सात दिवसीय मानव सेवा का संकल्प स्वास्थ्य शिविर के छठवें दिन 25 फरवरी को पुत्रीशाला स्कूल बेलबाग में प्रातः 10 बजे से शिविर प्रारंभ हुआ जो शाम 5 बजे तक जारी रहा, शिविर में महिला एवं पुरुषों ने भारी तादाद में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। छठे दिन लगभग 2750 हितग्राहियों ने परीक्षण कराया, जिसमें 1080 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया, 105 हितग्राहियों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किया गया। 1200 लोगों को दवाओं का वितरण किया गया तथा 273 हितग्राहियों की रक्त संबंधी जांच की गई। इस शिविर में ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक चंदेल, शैंकी सोनकर, सोनू सोनकर, रिजवान अली कोटी, विजय पसेरिया, सीटू सोनकर, दिलीप जाट, पांडू कश्यप, धीरेन्द्र विश्वकर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धनी की कुटिया आधारताल में आज आयोजित किया जायेगा स्वास्थ्य शिविर।

# चना, मसूर एवं सरसों की फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन प्रारंभ

### किसान 10 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन

जबलपुर।

राज्य सरकार द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के विक्रय के लिये किसान 10 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इन फसलों के उपार्जन की अवधि 25 मार्च से 31 मई तक निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) के लिये औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल, 6 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल एवं 5 हजार 950 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। डॉ निगम के मुताबिक





किसान गेहूं पंजीयन केन्द्रों के साथ-साथ एम पी किसान एप, एम पी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से भी चना, मसूर एवं सरसों के लिये पंजीयन करा सकते हैं। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड तथा भूमि के अभिलेख खसरा बी-1 एवं सिकमीनामा की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उपसंचालक कृषि ने पंजीयन हेतु किसानों से आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि गेहूँ उपार्जन की भांति चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिये भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था रहेगी।

## आयुध निर्माणी में कोर डे मनाया गया

**जबलपुर**। भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के उपक्रम यंत्र इंडिया लिमिटेड की महत्वपूर्ण यूनिट आयुध निर्माणी जबलपुर (ओएफजे)के कार्यकारी निदेशक शाशांक गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं सुरक्षा व कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अंचित कुमार की अध्यक्षता में 78 वां कोर डे, डीएससी के जाबाज जवानों के साथ के साथ मनाया। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस खास मौके पर अन्य निर्माणियों के सुरक्षा अधिकारी व डीएससी के जवानों की उपस्थित रही। कार्यकारी निदेशक शंशाक गर्ग ने डीएससी जवानों के कार्यो के प्रति समर्पित होने की सराहना की, वही सुरक्षा व कमान अधिकारी ले0 कर्नल अंचित कुमार ने शानदार समारोह के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

# विधायक कप क्रिकेट में बुलाई गई चीयर गर्ल्स

**हरिभूमि, जबलपुर**। जबलपुर के बरगी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक नीरज सिंह का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे एक फिल्मी गाने पर अपने समर्थकों के साथ झूमते हुए नजर आ रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस वीडियो में विदेश से बुलाई गईं चीयर गर्ल्स भी शामिल हैं, जिन्हें देखने के लिए पूरे गांव से लोग एकत्रित हो गए थे। ये गर्ल्स जैसे ही कोई खिलाड़ी चौका या छक्का मारता था वैसे ही यह डांस करती थी। जैसा कि अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में होता है।

**भाजपा विधायक नीरज सिंह का डांस वीडियो वायरल**

जानकारी के मुताबिक, नीरज सिंह ने शहपुरा तहसील में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम के दौरान एक मैच के दौरान चीयर गर्ल्स को बुलाया गया था। जैसे ही यह सूचना आसपास के गांवों में फैली, बड़ी संख्या में युवाओं और बच्चों के साथ ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में पहुंच गए। कहा जा रहा है कि जब चार चीयर गर्ल्स गाने पर डांस कर रही थीं, तब विधायक नीरज सिंह भी मंच पर अपने समर्थकों के साथ डांस करने लगे। इस दृश्य को वहां मौजूद कुछ लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया और फिर वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से फैल रहा है और लोग अपने अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं।इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना दिया है, और विधायक नीरज सिंह के इस डांस पर विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।बरगी के पूर्व विधायक संजय यादव ने इस वायरल वीडियो पर तंज कसते हुये कहा कि जो पैसा चीयर गर्ल्स का डांस देखने दिखाने पर खर्च किया जा रहा है, उसे यदि गरीबों पर खर्च किया जाए तो जनता का अधिक भला होगा।

## बाबाताल में झंकार समिति का शिवलिंग निर्माण

# देवों के देव महादेव की निकली भव्य बारात

हरिभूमि सिहोरा।

देवो के देव महादेव एंव माता पार्वती के शुभ विवाह का दिन महाशिवरात्रि पर जहां बाबाताल में स्थापित भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने भक्तों की भीड़ लगी रही वहीं नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही सभी भक्तों ने पहुचकर पूजन अभिषेक किया वहीं उपवास रखकर घरो में भी भोलेनाथ की पूजा की।इसी तरह बाबाताल से शंकर जी की भव्य बारात निकली तो वहीं झंकार दुर्गोत्सव समिति द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन भी किया गया।





### भोलेनाथ की बारात में दिखी सनातनी एकता

शिवमंदिर बाबाताल से महादेव की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई जो पुराना बस स्टेंड, गौरीतिराहा, झंडा बजार, कालभैरव चौक, मैना कुआं, हरदौल मंदिर से होकर निकली। बारात में शंकर पार्वती की झांकी के आगे सैकडों शिवभक्त डी जे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे उनके पीछे सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ कुर्रो पिपरिया के संत सीताराम शरण जू महाराज जी रथ पर चल रहे थे।बारात के वापस बाबाताल पहुचने पर वरमाला की रस्म पूरी गई जिसमे माता पार्वती ने शंकर जी को एंव शंकर जी ने माता पार्वती को वरमाला पहनाकर विवाह किया। पूरी बारात में सनातनियों की एकता ने अपनी अलग ही छाप छोड़ी।

### जगह जगह बारात का स्वागत

भोलेनाथ की बारात का जहां नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया नगर पालिका मार्ग में महामाया समिति ने खीर शरबत पुडी सब्जी पुराना बस स्टैंड में एंव धर्मेन्द्र टी स्टाल द्वारा चाय का वितरण के साथ अनेक स्थानो पर दोफहर से ही भंडारे प्रारम्भ हो गये थे जो देर शाम तक चलते रहे। बाबाताल में सभी बरातियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। बारात में सैकड़ों महिला पुरुष बच्चों ने शामिल होकर इसे यादगार एंव ऐतिहासिक बना दिया।



## शिव महापुराण की भव्य कलश यात्रा निकाली

**जबलपुर।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में श्री शिव महापुराण साप्ताहिक भक्ति ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन शिवनगर स्थित इच्छा पूरन महादेव मंदिर दमोह नाका में किया गया है। श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता अतुल महाराज के सानिध्य में बुधवार को भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली गई जो संपूर्ण शिव नगर क्षेत्र में भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यास पीठ का पूजन अर्चन एवं महाराज श्री का स्वागत विद्याशंकर द्विवेदी, आदर्श द्विवेदी, अनिकेत, चंद्रकला द्विवेदी ने किया। श्री बांके बिहारी सेवा समिति की अध्यक्ष ललिता देवी सिंह ने बताया की कथा प्रतिदिन 2 बजे से 6 तक चलेगी। कथा का समापन 2 मार्च को पूजन, अर्चन, हवन एवं भंडारे के साथ होगा।

### सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से 7500 नौकरियां पैदा होंगी

## शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की



**जबलपुर।** सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने आज मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफर से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफडी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी।
शक्ति ईवी मोबिलिटी लिमिटेड: यह नया उद्यम इलेक्ट्रिक व्हीकल मोटर, कंट्रोलर और चार्जर के निर्माण में विशेषज्ञता हासिल करेगा, जिसमें करीब 2 लाख यूनिट्स प्रतिवर्ष बनाई जा सकेंगी। लगभग 250 करोड़ रुपये के निश्चित पूंजी निवेश की योजना बनाई गई है, जिससे लगभग 1000 नौकरियां पैदा होंगी। श्री पाटीदार ने आगे कहा, हम मध्य प्रदेश सरकार के निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उनके बहुत आभारी हैं। उनकी सक्रिय नीतियों और निवेशक-अनुकूल वातावरण ने इस निवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम माननीय मुख्यमंत्री और पूरे सरकारी तंत्र को मध्य प्रदेश को पसंदीदा राज्य बनाने के उनके दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं।

## JSW MG मोटर इंडिया ने हेक्टर के ग्राहकों के लिए पेश किया 'पावर पैक' ऑफर

**जबलपुर।** JSW MG मोटर इंडिया ने हेक्टर खरीदने वाले संभावित ग्राहकों के लिए 'पावर पैक' स्कीम की घोषणा की है। पावर पैक एक बेहद किफायती पेशकश है, जिसके तहत ग्राहकों को पांच आकर्षक लाभ पेश किए गए हैं। इन लाभों में पहला है फाइनेंसिंग (ROI) पर आकर्षक 4.99% की ब्याज दर। इसके अलावा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, वाहन को अपने मन मुताबिक स्वरूप देने के लिए कॉम्पलिमेंट्री एक्सेसरीज, झंझट रहित सफर के लिए रोड साइड असिस्टेंस के साथ ही रोड टैक्स (RTO) में 50% की कमी शामिल है। इन सभी लाभों के साथ ग्राहक को हेक्टर खरीदने पर 2.40 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। इन लाभों के साथ **SUV** के शौकीनों के लिए हेक्टर और भी अधिक किफायती और आकर्षक विकल्प बन जाती है। ये सीमित समय के ऑफर 31 मार्च, 2025 तक वैध हैं। इस एसयूवी में कई आकर्षक फीचर्स एसयूवी के शौकीनों को एक बेमिसाल अनुभव प्रदान करते हैं। फीचर से भरपूर यह एसयूवी उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है जो एसयूवी के साथ एक बोल्ड डिज़ाइन, स्मूथ, आरामदायक राइड और तकनीकी रूप से एडवांस ड्राइविंग अनुभव चाहते हैं।



# अलौकिक झांकी के साथ निकली शिव बारात

**बरगी।** महाशिवरात्रि पर्व बरगी नगर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के श्री नंदीकेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ की बारात अलौकिक झांकी के साथ नगर भ्रमण कर श्री दुर्गा मंदिर पहुंची। भगवान भोलेनाथ की अगवानी एवं बारातियों का स्वागत ज्योतिष आचार्य पंडित रेवाराम महाराज जी के मार्गदर्शन में किया गया। भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का विवाह धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री साईं मंदिर धाम में 26 फरवरी से 28 फरवरी तक विशाल मेले का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदीकेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गौड़ , आर आर रोहित, सी. एल विश्वकर्मा राजेश जवाहर, सुनील तिवारी नवल विश्वकर्मा नरहर पटेल संतोष नामदेव भूपेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



# धूमधाम से निकली भगवान शिव पार्वती की बारात

**मझौली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बिड़ी दुकान मझौली के द्वारा भगवान शिव पार्वती की बारात धूमधाम से गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ निकाली गई जो नगर का भ्रमण करते हुए भगवान श्री विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण पहुंची यहां पर बारात का भक्तों के द्वारा स्वागत किया गया एवं भगवान की पांव पखरई की गई इसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।



## मछुआरों की समस्याओं को दूर करने होंगे सार्थक प्रयास

### फिशरमैन मछुआ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने जानी समस्या



**जबलपुर।** फिशरमैन मछुआ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव भंवरिया दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर पहुंचे। इस मौके पर मछुआ समाज के मछुआरों की समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक बैठक अधारताल में आयोजित हुई। जिसमें उनके जीवन यापन से लेकर परिवार समस्याओं को दूर करने की कार्ययोजना तैयार की गई। इसके उपरांत प्रदेशाध्यक्ष भंवरिया ने जलवंशीय माझी समाज शैक्षणिक सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह एवं परिचय सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके उपरांत संगठन को मजूबत करने के लिए उन्होंने स्थानीय स्तर पर माझी समाज के के सामाजिक बंधुओं से भेंट कर समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर फिशरमैन कांग्रेस जबलपुर के जिला अध्यक्ष कमल रैकवार, श्रीराम कुमार, नारायण केवट, काशी रैकवार, करण रैकवार, दीपक बेलाकर, राकेश रैकवार, संजय बर्मन आदि मौजूद रहे।

## एचडीएफसी लाइफ ने लॉन्च किया क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज

**जबलपुर।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने अपना नया उत्पाद 'एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज' लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग प्लान है, जिसे लोगों के जीवन के अलग-अलग चरणों में आने वाले महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आमतौर पर जब लोग अपने बढ़ते सपनों और जरूरतों के लिए बचत करते हैं, तो वे जल्दी पैसे निकालने की सुविधा, लचीलेपन और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। यह प्लान इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किया गया है।
इस उत्पाद के लॉन्च के अवसर पर एचडीएफसी लाइफ के हेड- प्रोडक्ट्स एंड सेगमेंट्स, अनीश खन्ना ने कहा, ऱ्हम मानते हैं कि जीवन बीमा उत्पाद हर व्यक्ति की उम्र, जीवन के पड़ाव, आय और भविष्य की योजनाओं के अनुसार तैयार किए जाने चाहिए। हर कोई अपने परिवार के लिए सुरक्षित भविष्य का सपना देखता है और घर खरीदना या बच्चों को अच्छे संस्थानों में उच्च शिक्षा दिलाना जैसे लक्ष्य हासिल करना चाहता है। इन सपनों को साकार करने के लिए लंबी अवधि की वित्तीय योजना की जरूरत होती है, जिसमें लचीलापन और सुरक्षा दोनों हो। 'एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज' उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहते हैं और अपने सपनों को अनिश्चितताओं से बचाने के लिए एक मजबूत आर्थिक सुरक्षा चाहते हैं।

## हसन अली राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता हेतु अम्पायर नामित



**जबलपुर।** 26 फरवरी से 01 मार्च तक रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला पंजाब में आयोजित होने वाली 82वी अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता हेतु पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के हसन अली को एम्पायर नामित किया गया है। इस प्रतियोगिता में हिन्दुस्थान के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर न केवल हिन्दुस्थान का नाम रोशन किया है वरन्‍ हॉकी को एक नई पहचान दी है। वे सभी हॉकी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। उक्त प्रतियोगिता के सफल व सुचारु रुप से संचालन हेतु रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल में पदस्थ हसन अली को एम्पायर नामित कर पश्चिम मध्य रेल को गौरवान्तित किया है। श्री हसन अली के इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, कुशाल सिंह अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ, श्री प्रभात पीसीपीओ पमरे, राजीव कुमार यादव आईजी/आरपीएफ, यशवंत कुमार महासचिव-पमरे खेलकूद संघ, कमल कुमार तलरेजा मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, मो. मुनव्वर खान वरि.मंडल सुरक्षा आयुक्त, सुबोध विश्वकर्मा मंडल खेलकूद अधिकारी, स्वप्निल पाटिल वरि. मंडल यांत्रिक प्रबंधक, मधुर वर्मा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रजनीकांत साहू, दिग्विजय सिंह, हॉजी सैय्यद हैदर अली, मार्बल रॉक हॉकी क्लब के अध्यक्ष अजय मार्को, सचिव अशरफ अली, एशली दास, एल्विन सुशील कुमार, डॉ रमेश शुक्ला, डॉ. विशाल बन्ने, औंकार दुबे, आरिफ अली, पत्रकार हाजी मुईन खान, लायन पप्पी खान, असलम अली, अफसर अली, विक्रम जन्सारी, गुलाम गौस, एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# मारपीट की 2 वारदातों में 4 घायल

**जबलपुर।** अधारताल और गोरखपुर में मारपीट की दो वारदातें सामने आई हैं। शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर बदमाशों ने मारपीट कर डंडे से चार युवकों पर हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर निवासी 22 वर्षीय डीजे संचालक हर्ष विश्वकर्मा गत रात लगभग 11 बजे डीजे के काम से इमलिया पिपरिया जा रहा था विंग्स कान्वेंट स्कूल के सामने मेन रोड पर पहुंचा, जहां पर रोड किनारे ट्रक क्रमांक एमएच 28 बीए 7313 चालू हालत में खड़ा था तथा महाराजपुर निवासी डेविल उर्फ वंश ठाकुर, दुर्गेश चौधरी, उदय उर्फ चैंगा ट्रक वाले से गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर रहे थे, ट्रक वाले ने पैसे देने से मना किया तो तीनों ने पत्थर से ट्रक के सामने का कांच तोड़ दिया और ट्रक चालक व ट्रक मालिक के साथ तीनों ने मिलकर मारपीट कर दी। हर्ष विश्वकर्मा ने बीच बचाव किया तो तीनों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, वहीं उदय उर्फ चैंगा ने डंडे से उसके पैर पर हमला कर घायल कर, जान से मारने की धमकी दी। वहीं ट्रक में रखा भाड़ा का पैसा भी गायब हो गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115, 119(1), 125, 351(2), 324(4) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार गोरखपुर में रामपुर छापर कुशवाहा मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय आदित्य पांडे गत शाम लगभग 5.30 बजे दुर्गा नगर में मोमोज खा रहा था, तभी सुमित अपने तीन दोस्त हर्षित बेन, अंकुश प्रजापति तथा लक्की प्रजापति के साथ उसके पास आए और सुमित ने मेरे पिता जी को क्यों मारा कहते हुए शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर चारों ने उसके साथ मारपीट कर गाल, पीठ एवं जांघ में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3), 115(2) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# रास्ते से निकलने के विवाद में 2 घायल



**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत झूलेलाल मंदिर के पीछे बड़ी ओमती में रास्ते से निकलने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में दो युवक घायल हो गए।

ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झूलेलाल मंदिर के पीछे बड़ी ओमती निवासी 22 वर्षीय आटो चालक सिद्धार्थ यादव गत रात लगभग 10 बजे नीता यादव के घर के पास से निकल रहा था तो बबला यादव बोला कि यहां से क्यों निकलते हो, उसने कहा कि ये रास्ता है यहीं से निकलूंगा इसी बात पर बबला यादव उसके साथ गाली गलौज करने लगा। उसकी मां सरोजनी यादव झगड़ा शांत कराने के लिये बबला यादव को मना किया तो बबला यादव ने उसकी मां सरोजनी को धक्का दे दिया। उसके बाद बबला यादव, प्रथम यादव और सोम ने मिलकर सिद्धार्थ यादव के साथ मारपीट कर दी जिससे वह जमीन पर गिर गया और चीप लगने के कारण उसके कान व हाथ में चोटें आ गई। उसके बाद तीनों उसे जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष बड़ी ओमती निवासी 35 वर्षीय कपड़ा दुकान संचालक बबला यादव गत रात लगभग 10 बजे अपने काम से घर वापस आया तो उसकी भाभी नीता यादव ने उसे बताया कि मुन्ना उर्फ सिद्धार्थ यादव घर के पास खड़ा था जिसे जाने के लिये कहा तो गालीगलौज करते हुए कहा कि यहीं से बार बार निकलूंगा, खड़ा रहूंगा इसी बात को लेकर भाभी नीता का सिद्धार्थ यादव से विवाद हो गया। सिद्धार्थ यादव नीता से गालीगलौज करने लगा, जिसे बबला यादव, सोम यादव, प्रथम यादव ने गालियां देने से मना किया तो सिद्धार्थ ने बबला यादव के साथ मारपीट कर दी, जिससे बबला जमीन पर गिर गया और उसके गाल एवं पसली में चोटे आ गयी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 118(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश पर चाकू से हमले में 1 घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत निर्भयनगर दुर्गा मंदिर के पास पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीर कुटी के पास निर्भयनगर निवासी 29 वर्षीय सब्जी ठेला संचालक अनिल डोडानी गत रात लगभग 11.30 बजे निर्भयनगर दुर्गा मंदिर के पास खड़ा था तभी उसकी पहचान का मोहल्ले का सिब्बू का छोटा भाई मिला और पुरानी रंजिश पर गालीगलौज करने लगा, मना करने पर उसने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 118(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# साली की शादी में गए जीजा के घर से चोरों ने उड़ाया ढाई लाख का माल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत अमृत तीर्थ जैन मंदिर कुबेर बिला के समीप माढ़ोताल में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 2 लाख के जेवर और नगदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। बताया गया है कि यहां रहने वाला जैन परिवार अपनी साली की शादी में तेवर गया हुआ था। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत तीर्थ जैन मंदिर कुबेर बिला के बाजू में माढ़ोताल निवासी 32 वर्षीय राहुल जैन गत शाम लगभग 5 बजे अपने घर में ताला लगाकर परिवर सहित सीवल्ड ग्राम तेवर में साली की शादी समारोह में गया था। गत दोपहर लगभग 3 बजे पड़ौसी ने फोन पर उसे चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह अपनी पत्नी अनुप्रिया जैन के साथ घर आया तो उसके होश उड़ गए। उसके बेडरूम में रखी दोनों आलमारियों के लॉकर टूटे हुय थे। आलमारी मे रखे जेवरात सोने का 1 मंगलसूत्र, 1 पेंडल, 1 नेकलेस, 2 जोड़ी टाप्स, 1 रिंग, बच्चे की एक सोने की चैन, चांदी की बिछिया, पायल, चांदी के 2 सिक्के एवं नगदी 50 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पुलिस ने 11 आदतन अपराधियों पर की कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से देशी, अंग्रेजी, कच्ची शराब, बका, चाकू व जुआड़ियों, सटोरियों से नगदी 1 हजार 513 रुपए जब्त किए है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 112 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 15 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 23 गैरम्यादी, 31 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 20 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 बॉटल, 75 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 31 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 3 चाकू जप्त किये गये एवं 4 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया जुआडियो एवं सटोरियो के कब्जे से 1 हजार 513 रूपये जब्त किये गये।




**श्री सुनील चमकेल-** गंगासागर मदनमहल रोड निवासी श्री श्याम लाल चमकेल के पुत्र श्री सुनील चमकेल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गया प्रसाद बर्मन-** शैल विहार छापर रामपुर निवासी श्री गया प्रसाद बर्मन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमरजीत सिंह चंडोक-** पंचशील नगर निवासी श्री अमरजीत सिंह चंडोक (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा बाई पटेल-** ज्योति नगर गढ़ा निवासी श्री सीताराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती आशा बाई पटेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भागचंद यादव-** चांदमारी ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री भागचंद यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवघरिया-** दुर्गा कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री सुभाष देवघरिया की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवघरिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूप कमल कनौजिया-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री रूप कमल कनौजिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पिंकी असाटी-** पौड़ी बोरिया कटंगी निवासी श्री मोहन असाटी की धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी असाटी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा सिंह-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री रघुवीर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती उषा सिंह (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री इंद्रजीत भोला-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री इंद्रजीत भोला (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश पटेल-** पोलीपाथर निवासी श्री सुरेश पटेल के पुत्र श्री कमलेश पटेल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार दुबे-** गंगामैया व्हीकल निवासी श्री दिलीप कुमार दुबे (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छिद्दी लाल यादव-** भटौली गौरीघाट निवासी श्री छिद्दी लाल यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री देशराज ठाकुर-** सिविल लाइन निवासी श्री देशराज ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

बाग प्रिंट कला को केंद्रीय मंत्री ने सराहा

# गृह मंत्री शाह ने अपने हाथों से लगाया बाग प्रिंट का ठप्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 में बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने आरिफ खत्री से मुलाकात कर बाग प्रिंट का ठप्पा अपने हाथों से लगाया और उनकी कला की प्रशंसा की।

अमित शाह के अलावा राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय आवास एवं नगरीय विकास और ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, प्रतिमा बागरी, संपतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाग प्रिंट कला को समझा, सराहा और स्वयं ठप्पा लगाकर इसे अपनाने का संदेश दिया।



### पिछले 15 वर्षों से इस कला से जुड़े हैं आरिफ

समिट में शिल्पगुरु मोहम्मद यूसुफ खत्री, नेशनल अवॉर्डी मोहम्मद बिलाल खत्री और अब्दुल करीम खत्री ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर मेहमानों का दिल जीता। आरिफ खत्री पिछले 15 वर्षों से इस कला से जुड़े हैं। उन्होंने अपने दादा, बाग प्रिंट के जनक शिल्पगुरु इस्माईल सुलेमान खत्री और अपने पिता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अब्दुल कादर खत्री से इस कला को सीखा।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने अनलॉकिंग लैंड वेल्यू पर हुए सत्र में मप्र सरकार की सराहना की

# शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार से मिलेगी भरपूर मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में शहरों की अहम भूमिका होगी। मध्यप्रदेश में नियोजित शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव मदद करेगी। वर्ष 2047 तक देश की नगरीय आबादी कुल आबादी का 50 प्रतिशत तक हो जाएगी। ऐसे क्षेत्रों में बढ़ती आबादी के हिसाब से सारे मापदंड तय करने पड़ेंगे।

यह बात केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अनलॉकिंग लैंड वेल्यू विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कही। मप्र सरकार की तीन नई शहरी विकास नीतियों की प्रशंसा करते हुए खट्टर ने कहा कि निवेशका यहां कदम प्रदेश के शहरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मेट्रो नेटवर्क का विस्तार ऐसा होना चाहिए, जिससे सभी वर्गों को लाभ पहुंचे। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और महापौर मालती राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री खट्टर और विजयवर्गीय ने प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों के साथ चर्चा करते हुए आदर्श नगर निगम के निर्माण के लिए आय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। सत्र में एमपी इंटीग्रेटेड पॉलिसी, पुनर्घनत्वीकण और मप्र हाउसिंग रि-डेवपमेंट पॉलिसी पर भी चर्चा हुई।

### इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर



बढ़ती शहरी आबादी की ओर इशारा करते हुए खट्टर ने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सटीक आंकलन आवश्यक है। उन्होंने शहरी परिवहन में सुधार और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। साथ ही कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण और कार्बन क्रेडिट प्रोत्साहन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनियों में ग्रीन एरिया विकसित करने वाले बिल्डर्स को प्रोत्साहन देने की घोषणा

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार नगरीय निकायों की आय के स्रोत बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लागू की गई इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी से शहरों का समग्र विकास संभव होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनियों में ग्रीन एरिया विकसित करने वाले बिल्डर्स को प्रोत्साहन देने की घोषणा की। विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के शहरों को हरा-भरा बनाया जाएगा। कॉलोनी में ग्रीन एरिए को जगह देने वाले बिल्डर्स और डेवलपर्स को राज्य सरकार की ओर से रियायत दी जाएगी।

2025 में 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन के लिए हो जाएगा तैयार: केंद्रीय मंत्री वैष्णव

डबल इंजन सरकार, मध्य प्रदेश में कर रही निवेशों की बौछार

# महाशिवरात्रि पर भोपाल को मिला आईटी पार्क और एचएलबीएस फैक्ट्री का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने महाशिवरात्रि की पवित्र पूर्व संध्या पर एचएलबीएस परिवार को नए प्लांट के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही ऐलान किया कि वर्ष 2025 तक पहला 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा।

मंत्री वैष्णव ने इस उपलब्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन मिला है। दो इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यफैक्चरिंग क्लस्टर को प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकृति दी है। एक भोपाल में और दूसरा जबलपुर में है। राज्य में अब तक 85 कंपनियां इस क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इसे डबल इंजन सरकार की एक बड़ी सफलता बताया गया।

### मध्य प्रदेश में 20 हजार इंजीनियरों की होगी ट्रेनिंग



रेल मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि नवीनतम टेक्नोलॉजी को छात्रों तक पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश में 20 हजार इंजीनियरों को फ्यूचर स्किल्स प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा। बीते दस वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप अब यह उद्योग 10 लाख करोड़ पर पहुंच चुका है।

### सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत हो रहा मजबूत

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहां एक साथ पांच यूनिट्स का निर्माण कार्य जारी है। वर्ष 2025 तक पहला मेड इन इंडिया चिप उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा। इसी क्रम में, भारत में प्रतिभा संवर्धन के लिए 85,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता के कारण ही इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सका है।

### नए कैंपस में यह है खास

1 लाख स्कायर फीट में कैंपस बना है। जिसके एक ही छत के नीचे महत्वपूर्ण आईटी हार्डवेयर और उत्पादों के निर्माण करने की क्षमता है। जहां सर्वर, डेस्कटॉप, मदरबोर्ड, चेसिस, रैम, एसएसडी, ड्रोन, रोबोट समेत अन्य एंड-टू-एंड निर्माण होगा। इस नए कैंपस में आने वाले 6 वर्षों में लगभग 150 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। जिससे इस प्लांट में करीब 1200 से नए रोजगार पैदा होंगे। इस कैंपस में डेक्सटॉप कंप्यूटर, ऑल इन वन, वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टेबलेट डिवाइस. मॉनिटर समेत कई उपकरणों का उत्पादन किया जाएगा। ग्लोबल समिट के पहले दिन भी रेल मंत्री ने मध्य प्रदेश में बड़े निवेश का ऐलान किया। भारतीय रेल और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। हाल ही में देखा गया है कि मोदी सरकार का पूरा ध्यान फ्यूचर रेडी इन्फ्रास्ट्रक्चर और कैपिसिटी बिल्डिंग पर है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत सरकार हर सेक्टर में 4 बिंदुओं पर फोकस कर रही है। जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निवेश, इंक्लूसिव ग्रोथ, मैन्युफैक्चरिंग, सिम्प्लिफिकेशन ऑफ़ लॉज शामिल हैं।

### रेलवे स्टेशनों का किया जा रहा पुनर्विकास

देश में पिछले 10 वर्षों में भारत ने 31 हजार किलोमीटर से ज्यादा नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं। इसके साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत 1,337 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश में रेल इन्फ्रा के विकास के लिए 14,745 करोड़ का रिकॉर्ड बजट का आवंटन किया। साथ ही 2014 से 2,808 किलोमीटर विद्युतीकृत कर मध्य प्रदेश में रेल लाइनों का 100% विद्युतीकृत किया जा चुका है।

शादी समारोह में शामिल होने गए थे युवक

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, एक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मध्य प्रदेश के करंजिया से शादी समारोह में शामिल होने पेंड्रा पहुंचे युवक की सड़क हादसे में मौत होने का मामला सामने आया है। बाइक चला रहा युवक गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया।

फिलहाल, पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, मध्यप्रदेश के करंजिया थाना क्षेत्र के रहने वाले नीलेश धुर्वे एक सप्ताह पहले पेंड्रा थाना क्षेत्र के केशला गांव बुआ के घर हो रही शादी में शामिल होने के लिए पहुंचा था। बारात मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के मुंडा गांव में हो रहे शादी में बारात में शामिल होने अपने एक साथी के साथ होंडा बाइक से निकला था। लेकिन रात को न ही वो शादी समारोह में पहुंचा न ही घर सुबह। पेंड्रा थानाक्षेत्र के पंडरीखार गांव के पास सड़क किनारे एक बाइक दुर्घटना का शिकार हुई। पास ही दो युवक अचेत अवस्था में पड़े हुए थे, जिसके बाद पुलिस दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा में भर्ती कराया। जहां पर जांच उपरांत डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल होने पर वहीं अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।




# केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट

- शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट होगा
- प्रदेश में विमान सेवाएं बढ़ाने हुए 5 एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेव्हलपमेंट किया जाएगा। शहरों में सुव्यवस्थित ट्रैफिक के लिए अंडरब्रिज बनाने पर विचार किया जाएगा। नगरों के विकास के लिए बनाई गई पॉलिसी में आपके सुझावों पर जरूरी परिवर्तन किए जाएंगे।

मंत्री विजयवर्गीय ने यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के अर्बन डेवलपमेंट सेशन में कही। केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नियम-कानूनों की शहरी विकास के कानूनों से समानता होनी चाहिए। श्रम कानूनों में सुधार होगा, जिससे उद्योगपति और श्रमिक के बीच टकराव की स्थिति नहीं बनेगी। अतिथियों ने एमपी ईवी तरंग पोर्टल को लॉन्च किया।

### विमान सेवा के लिए पांच कंपनियों के साथ एमओयू

शहरों में विमान सेवाओं के उद्देश्य से पांच कम्पनियों के साथ एमओयू हुए। एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूट इंदौर से आबुधाबी और इंदौर से बैंकॉक और घरेलू रूट इंदौर से पटना, इंदौर से कोच्ची एवं इंदौर से वाराणसी के लिए विमान सेवाएं शुरू करने के लिये एमओयू हुआ। फ्रेंकफिन कम्पनी के साथ मप्र में 5 एविएशन एकेडमी शुरू करने के लिए एमओयू हुआ। इसमें 6 से 7 हजार लोगों को रोजगार मिलना संभावित है। फ्लाई भारती के साथ उज्जैन में एयरपोर्ट डेव्हलपमेंट के लिए एमओयू हुआ। इसमें 750 करोड़ रुपए का निवेश होगा। कंपनी प्रधान एयर के साथ उज्जैन में और राज्य के भीतर हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए एमओयू हुआ। इसमें 150 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इन एविया एविएशन कंसलटेंट जीएमबीएच के साथ भोपाल में मेंटेनेंस रिपेयर एंड ऑपरेशन (एमआरओ) की स्थापना के लिए एमओयू हुआ। इसमें प्रथम चरण में 500 करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। एक एमओयू एडिमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग इन्स्ट्रीट्यूट के साथ नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने किया है।

बालको के रिटायर्ड मैनेजर के घर हुई वारदात, सिविल लाईन थाना क्षेत्र का मामला

# सूने मकान में चोरों ने बोला धावा जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सिविल लाईन थानांतर्गत रिस्दी स्थित एक सूने मकान में धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात समेत नकदी रकम की चोरी कर ली। घटना में कितने का माल पार हुआ है इस बात का पता नहीं चल सका है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जहां रिस्दी में मौजूद बालको के रिटायर्ड मैनेजर के घर में यह घटना सामने आई है। मकान मालिक आरपी राठौर परिवार समेत इलाज कराने रायपुर गया हुआ है।

सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरो ने इस घटना को अंजाम दिया है। पड़ोसियों के माध्यम से पुलिस तक बात पहुंची। जिसके बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्कॉड मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। चोरी की इस वारदात में कितने का माल चोरी हुआ है। इस बात का पता मकान मालिक के घर पहुंचने पर ही पता चलेगा। मकान



मालिक राजपति सिंह पत्नी के साथ निवास करते हैं। एक लड़का और तीन लड़की हैं। लड़का कांकेर में रहता है जो इंजीनियर है। वहीं तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। केवल पति-पत्नी ही घर पर रहते हैं। 12 दिन पहले राजपति इलाज कराने रायपुर गया हुआ था। जहां इलाज के बाद अपनी बेटी दमाद के घर पर था। घर के देख रेखकर रिसदी में ही रहने वाले मुकेश केंवट को घर का चाबी दी थी। बुधवार की सुबह जब घर देखने आया। इस दौरान घर का ताला टूटा हुआ था।

सरगुजा के सीतापुर के ग्राम बिशनपुर प्लांट के पास की घटना

# ट्रक और बुलेरो में भीषण टक्कर, मासूम सहित चार की मौत, सात लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

बुधवार को सरगुजा जिला के सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिशनपुर प्लांट के पास एनएच 43 पर लगभग 12 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां ट्रक (कंटेनर) और बोलेरो में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बोलेरो में सवार एक मासूम सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि सात लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ लोगों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने कंटेनर में आग लगा दिया। बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन में



सवार लोग महाशिवरात्रि के अवसर पर किलकिला शिव मंदिर से दर्शन कर अपने घर रेवापुर-सखौली लौट रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरा में बिशनपुर प्लांट के पास जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में बोलेरो वाहन में सवार एक मासूम सहित चार की मौके पर ही मौत हो गई। सात लोग गंभीर रूप से घायल व अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

### किलकिला शिव मंदिर दर्शन करने गए थे 11 लोग

बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार रेवापुर-सखौली निवासी 11 लोग महाशिवरात्रि पर सीतापुर के किलकिला शिव मंदिर गए थे। सुबह दर्शन कर अपने घर लगभग 12 बजे रेवापुर-सखौली लौट रहे थे। इसी दौरान ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर हादसा हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप सत्र को किया संबोधित

# मप्र सरकार और उद्यमी मिलकर सफलता के नए आयाम करेंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) के दूसरे दिन सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा स्टार्ट-अप समिट सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दो दिवसीय समिट सकारात्मक भावना और योजनाबद्ध तरीके से आयोजित की गई है। संभागवार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर प्रदेश में एक सकारात्मक औद्योगिक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया है। इसमें व्यापक संवाद हुआ है और इसके उत्साहजनक परिणाम एमएसएमई क्षेत्र में देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित किए बिना आर्थिक आधार मजबूत नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र बहुत विस्तृत है और इससे नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं। उन्होंने मंत्री चैतन्य काश्यप की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में लागू की गई नई एमएसएमई नीति में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को समाहित किया गया है, जिससे यह क्षेत्र और अधिक सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि समिट के अंत में जब आंकड़े आएंगे, तब तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि एमएसएमई सेक्टर को अभूतपूर्व उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार जो भी कमिटमेंट कर रही है और जिस पारदर्शिता के साथ नीतियों को लागू कर रही है, वह प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग की सराहना की और कहा कि सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मप्र अब उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारी सरकार और उद्यमी मिलकर सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।




### प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक हर प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनाएंगे

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री काश्यप ने बताया कि सरकार ने उद्यमियों के प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक की हर प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए नई 18 नीतियां लागू की हैं। भूमि आवंटन प्रक्रिया को भी सरल किया गया है, ताकि उद्यमियों को सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से और निश्चित समय में मिले। मंत्री काश्यप ने कहा कि सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के दो मुख्य लक्ष्यों पर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि नई नीतियों की आवश्यकता हुई तो सरकार उद्यमियों के साथ पूरी पारदर्शिता से काम कर उसे भी लागू करेगी। उन्होंने समिट से प्रदेश के सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हुए कहा कि नवाचारों और निवेश से लाखों रोजगार सृजित होंगे, इससे देश विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस अवसर पर एमएसएमई सचिव प्रियंका दास ने एमएसएमई और स्टार्ट-अप इको सिस्टम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।

## उद्योगों के विकास से ही बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

### ग्रामीण, शहरी और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी

एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की अपर विकास आयुक्त सुश्री अश्विनी लाल ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के माध्यम से ग्रामीण, शहरी और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स के जरिए युवाओं को आंत्रप्रेन्योरशिप के लिए तैयार किया जा रहा है। एसएवी, दुबई की फाउंडर सुश्री पूर्वी मुनोट ने कहा कि एमपी सरकार ने उद्योगों और युवाओं के लिए सकारात्मक परिवेश तैयार किया है। राज्य एआई, ग्रीन एनर्जी और लॉजिस्टिक सप्लाई चेन के माध्यम से ग्लोबल हब बन रहा है। इन एंड ब्रेडस्ट्रीट, मुंबई के एमडी व सीईओ अविनाश गुप्ता ने कहा कि नवाचारों से भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### एमपी सरकार की 18 नई नीतियों की सराहना

एशियाई विकास बैंक की डिप्टी कंट्री डायरेक्टर सुश्री आरती मेहरा ने कृषि, ऑर्गेनिक फार्मिंग और उद्यमियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की प्रशंसा की। नेशनल एमएसएमई बोर्ड के चेयरमैन सुनील ने एमपी सरकार की 18 नई नीतियों को सराहा और कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होंगी। सत्र के अंत में स्टार्ट-अप और इको सिस्टम पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मप्र सरकार की उपलब्धियों और आसान नीतियों को दर्शाया गया। सत्र में अन्य उद्योगपति एवं विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजट में मनरेगा, पीएम ग्रामीण आवास योजना की 75% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार की प्रमुख योजनाओं मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए आवंटन ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,90,406 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शोध संस्थान पीआरएस लेजिस्लेटिव ने रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने, आर्थिक विकास का समर्थन करने और गरीबों और कमजोरों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम लागू करने वाले ग्रामीण विकास विभाग को राशि आवंटित की गई। राशि 2024-25 के संशोधित अनुमान से आठ प्रतिशत अधिक है। जबकि भूमि संसाधन विभाग को 2,651 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 35 प्रतिशत अधिक है। भारत में 2021 की स्थिति के अनुसार, 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

### मनरेगा को मिला 46 फीसदी

मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्कों के लिए एक वित्त वर्ष में 100 दिन का गारंटीशुदा रोजगार प्रदान किया जाता है। सरकार की इस प्रमुख योजना के लिए बजट ग्रामीण विकास विभाग के लिए कुल आवंटन का 46 प्रतिशत है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को विभाग के कुल आवंटन का लगभग 29 प्रतिशत हिस्सा मिला। दोनों योजनाओं के लिए आवंटन कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है।

### आवंटन सालाना औसतन 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा




पीआरएस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014-15 और 2025-26 के बीच, विभाग का बजटीय आवंटन सालाना औसतन 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। रिपोर्ट कहती है कि 2020-21 और 2022-23 के बीच, महामारी के दौरान अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभाग को आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई थी। यह बढ़ा हुआ आवंटन मनरेगा और कल्याणकारी योजनाओं के लिए था। इसमें प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण शामिल है।

### 54,832 करोड़ रुपए आवंटित

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत गांवों में आवास की मांग और आपूर्ति में अंतर को दूर करने के लिए की गई। योजना के तहत लक्ष्य 2022 तक सभी के लिए आवास सुनिश्चित करना था। इस योजना के लिए 54,832 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 69 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार, योजना के लिए आवंटित धनराशि का 41 प्रतिशत उपयोग नहीं किया गया था। सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना 2011 के आधार पर, गांवों में 4.03 करोड़ आवास की कमी का अनुमान है।

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट को तिमाही में 26 करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में 300 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विमान कंपनी के अनुसार, 'कुल राजस्व में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,651 करोड़ रुपये रहा।

### इंडिगो तीन बोइंग 787 विमानों को पट्टे पर लेगी



**मुंबई।** यूरोप के लिए उड़ानें शुरू करने की तैयारियों में जुटी घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि वह नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ समझौते के तहत अपने बेड़े में तीन अन्य बोइंग 787-9 विमान शामिल करेगी। फिलहाल गुरुग्राम मुख्यालय वाली एयरलाइन दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्की एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए चौड़े आकार वाले दो बोइंग 777 विमानों का संचालन करती है।

### माइक्रोमैक्स ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रखा कदम



**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स ने 'स्टार्टअप एनर्जी' की शुरुआत के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, इस नए उद्यम का मकसद भारत में सौर पैनल विनिर्माण में क्रांति लाना, टिकाऊ ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाना और देश के महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा मिशन को समर्थन देना है।

### चाय प्वाइंट की 2026 तक सूचीबद्ध होने की योजना



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय चाय कैफे श्रृंखला चाय प्वाइंट के सह-संस्थापक तरुण खन्ना ने कहा कि कंपनी की 2026 के मध्य तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की योजना है। चाय प्वाइंट ने हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान काफी लोकप्रियता हासिल की और कई मुख्य दिनों पर इसकी दुकानों से एक दिन में एक लाख कप चाय तक बेची गई।

### भारत के ऊर्जा क्षेत्र में असम प्रमुख खिलाड़ी



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है, जहां विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार और कुशल कार्यबल है। मुख्यमंत्री ने यहां 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के समापन के दिन कहा कि असम ने चार चालू रिफाइनरियों

### नागालैंड के लिए 2,106 करोड़ ऋण क्षमता का अनुमान

नाबार्ड NABARD

**कोहिमा।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नागालैंड में प्राथमिकता क्षेत्र की गतिविधियों के तहत 2025-26 के लिए 2,106.34 करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगाया है। कृषि सलाहकार म्हाथुंग यंथन ने मंगलवार को यहां नाबार्ड द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर (एसएफपी) जारी किया, जिसमें यह अनुमान लगाया गया। एसएफपी के अनुसार, कुल अनुमान में से 712 करोड़ रुपये कृषि के लिए है।

## श्रम और रोजगार मंत्रालय बना रही योजना

# यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी रोजगार की शर्त नहीं, सबको होगा फायदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जो मौजूदा पेंशन योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में बढ़ेगी।

इस योजना को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतिम प्रारूप को तैयार करने के बाद अलग-अलग हितधारकों की राय ली जाएगी। नई योजना स्वैच्छिक होगी, यानी कोई भी इसमें शामिल हो सकेगा, चाहे उसके पास कोई नौकरी हो या नहीं। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग, जैसे कि छोटे व्यापारी, स्वरोजगार करने वाले भी योजना में शामिल हो सकेंगे। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा पेंशन योजनाओं को मर्ज किया जा सकता है। ये योजनाएं रिटायरमेंट के बाद 3,000 की मासिक पेंशन प्रदान करती हैं, जिसमें 55 से 200 तक का योगदान किया जाता है, और सरकार भी इसमें बराबर का योगदान देती है।




### इनको मिलेगा फायदा

यह योजना खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वालों और अन्य नागरिकों के लिए बनाई जा रही है। इसमें 18 साल या उससे अधिक उम्र के वे लोग शामिल हो सकेंगे, जो 60 साल के बाद पेंशन लाभ पाना चाहते हैं।

### राज्यों से भी अपील

केंद्र सरकार राज्यों को भी इस योजना में अपनी पेंशन योजनाओं को विलय करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। इससे पेंशन अंशदान को एक जगह लाया जा सकेगा। इससे पेंशन भुगतान में वृद्धि होगी। साथ ही, एक शख्स को अधिक पेंशन का लाभ लेने से भी रोका जा सकेगा।

### अटल पेंशन योजना होगी मर्ज

अटल पेंशन योजना को भी इस नए ढांचे में शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। सरकार बिल्डिंग एंड अदर कन्शट्रक्शन वर्कर एक्ट के तहत लिए गए उपकर को निर्माण श्रमिकों की पेंशन वित्तीय सहायता के लिए उपयोग करने पर भी विचार कर रही है।

### वृद्ध आबादी का बढ़ता दबाव

मौजूदा अनुमानों के अनुसार, 2036 तक भारत में वरिष्ठ नागरिकों (60 साल और उससे अधिक) की संख्या 22.7 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह कुल आबादी का 15 फीसदी होगी। वहीं, 2050 तक यह आंकड़ा 34.7 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो कुल जनसंख्या का 20 फीसदी होगा। इसके उलट अमेरिका, कनाडा, यूरोप, रूस और चीन जैसे देशों में पहले से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणाली मौजूद है। इसमें पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और बेरोजगारी भत्ता शामिल हैं। डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड जैसे देशों में यूनिवर्सल पेंशन योजनाएं पहले से ही लागू हैं।

### भारत में मौजूदा सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित है। इस प्रस्तावित यूनिवर्सल पेंशन योजना का उद्देश्य इन योजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक समावेशी और सतत पेंशन प्रणाली तैयार करना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

# भारत को 7 प्रतिशत तक वृद्धि दर के लिए उछाल की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लेखा और परामर्श कंपनी ईवाई ने बुधवार को कहा कि भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व में वृद्धि यानी कर में 1.2 से 1.5 उछाल की जरूरत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार को राजस्व संग्रह को मजबूत करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से कर-से-जीडीपी अनुपात को वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमानित 12 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030-31 तक 14 प्रतिशत करना होगा।

ईवाई ने कहा कि भारत की राजकोषीय रणनीति को जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व बढ़ाने, विवेकपूर्ण व्यय प्रबंधन और सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट रणनीतिक रूप से विकास की अनिवार्यताओं के साथ राजकोषीय मजबूती को संतुलित करता है। श्रीवास्तव ने कहा, 'हालांकि, भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत की मध्यम अवधि की वृद्धि दर हासिल करने और अपने विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, यह सुनिश्चित करना होगा कि कर उछाल 1.2 से 1.5 के दायरे में बना रहे।

### सकल कर राजस्व में उछाल कमी

ईवाई इंडिया इकनॉमी वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन साल में, सकल कर राजस्व में उछाल धीरे-धीरे कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1.4 से वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार 1.15 पर आ गया। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके 1.07 रहने का अनुमान है। ईवाई रिपोर्ट में कहा गया, ''कर उछाल 1.2 से 1.5 प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने से भारत सरकार को 6.5 से 7.0 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिल सकती है।'' अगले वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# स्टारबक्स बिक्री में भारी गिरावट से 1100 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉफी चेन कंपनी स्टारबक्स ने वैश्विक स्तर पर 1,100 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी की है। इसके सीईओ ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कॉफी की दिग्गज कंपनी 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बर्खास्त कर रही है, जो बिक्री में गिरावट के बीच कॉफी चेन की पुनर्गठन की दिशा में उठाया गया नया कदम है। कंपनी के नए चेयरमैन और सीईओ ब्रायन निकोल ने परिचालन को ठीक करने के लिए यह कदम उठाया है। स्टारबक्स के सीईओ ब्रायन निकोल ने उन ग्राहकों को वापस लाने का संकल्प लिया है, जो 8 डॉलर के लैटे और लंबे इंतजार के समय से मना नहीं करते हैं। इससे हाल के महीनों में बिक्री पर भी दबाव पड़ा है। स्टारबक्स सीईओ




ने कंपनी के लिए रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के तहत इस ले ऑफ का एलान किया है। स्टारबक्स ने एलान किया कि वह 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और कई सौ खाली या रिक्त पदों को बंद करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी कंपनी के इतिहास में सबसे बड़ी है। सीईओ ब्रायन निकोल ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा, 'हमारा इरादा अधिक कुशलता से काम करना, जवाबदेही बढ़ाना, जटिलता कम करना और बेहतर एकीकरण करना है।

### दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी

स्टारबक्स के दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी हैं। कंपनी के कुछ कर्मचारी छंटनी से प्रभावित नहीं होंगे। इसमें रोस्टिंग, वेयरहाउस, कंपनी के स्टोर्स में काम करने वाले बैरिस्टा कर्मचारी शामिल हैं। जनवरी में निकोल ने कहा था कि मार्च की शुरुआत में छंटनी की घोषणा की जाएगी। सभी कामों की देखरेख किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए जो निर्णय ले सके। हमारा आकार और संरचना हमें धीमा कर सकती है।

### वैश्विक बिक्री में कमी

बीते एक साल में स्टारबक्स की वैश्विक बिक्री 2024 के वित्तीय वर्ष में 2 प्रतिशत तक कम हो गई है। निकोल ने कंपनी के स्टोर्स में यूनियन बनाने के दृष्टिकोण में भी बदलाव देखा है, क्योंकि स्टारबक्स वर्कर्स यूनाइटेड द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने वाले कर्मचारियों ने अमेरिका भर में 500 से अधिक स्टोर्स में सफलतापूर्वक यूनियन बना ली है, जिनमें 10,500 से अधिक कर्मचारी हैं। इसके साथ ही जो कर्मचारियों इस छंटनी का शिकार होने वाले हैं, उन्हें 2 मई 2025 तक सैलरी और अन्य लाभ मिलते रहेंगे।

# ईपीएफओ ने दी राहत, यूएन एक्टिवेशन और आधार लिंक की बढ़ाई डेडलाइन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी है। उसने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को एक्टिव करने और बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करने की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब यह जरूरी काम 15 मार्च 2025 तक किया जा सकता है। यह डेडलाइन 15 फरवरी 2025 को खत्म हो गई थी। ईपीएफओ की सभी ऑनलाइन सर्विसेज का लाभ उठाने के लिए यूएन एक्टिवेट करना जरूरी है। ईपीएफओ ने यह जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए साझा की है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर 12 अंकों का होता है।




# सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम के साथ किया समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेटीएम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत कंपनी स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा समर्थन, बाजार पहुंच तथा वित्त पोषण के अवसर उपलब्ध कराएगी। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण व वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।




### चुनौतियों से निपटने का लक्ष्य

डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा, 'पेटीएम की वित्तीय प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर, हमारा उद्देश्य उद्यमियों को चुनौतियों से निपटने तथा उनके उद्यमों को बढ़ाने में सहायता करना है।' शर्मा ने कहा कि पेटीएम मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# व्यापार मंत्री और निवेश मंत्री ने भारत दौरे पर किए 17 समझौते

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने बुधवार को कहा कि उसके व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और निवेश मंत्री पॉपी गुस्ताफसन ने इस सप्ताह भारत की अपनी यात्राओं में 17 नए निर्यात एवं निवेश सौदों की घोषणा की। इसके साथ ही ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि भारत सरकार के हालिया केंद्रीय बजट से ब्रिटिश बीमा कंपनियों को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए और अधिक अवसर मिलेंगे। सोमवार को रेनॉल्ड्स और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत दोबारा शुरू करने की घोषणा की। इससे रोजगार को बढ़ावा मिलने और दोनों देशों में वृद्धि तेज होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, आम बजट 2025-26 से खासकर ब्रिटिश बीमा कंपनियों की भारत में विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।

# अपग्रेड 100 करोड़ रुपए से बनाएगी एआई इनक्यूबेटर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी अपग्रेड ने पढ़ाई और कौशल विकास में नवाचार को बढ़ावा देने के मकसद से 100 करोड़ रुपए से एक एआई इनक्यूबेटर बनाने का फैसला किया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'एआई इनक्यूबेटर' कृत्रिम मेधा के लिए समर्पित नवोन्मेषण कार्यक्रम होता है, जिसके जरिये एक सीमित समय में किसी एआई प्रक्रिया या उत्पाद तक पहुंच बनाई जा सकती है।

अपग्रेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉनी स्क्रूवाला ने बातचीत में कहा कि स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम के बाहर कौशल और पढ़ाई का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इस खंड के लिए अभिनव तरीके तलाशने की जरूरत है। स्क्रूवाला ने कहा, 'हम इस उद्देश्य के लिए 100 करोड़ रुपये लगा रहे हैं।

### मूल्यांकन के खेल में उलझना नहीं

इसके साथ ही स्क्रूवाला ने कहा कि अपग्रेड फर्मों के मूल्यांकन के खेल में नहीं उलझना चाहती है क्योंकि यह स्टार्टअप के लिए बहुत बोझिल हो जाता है। हालांकि, अपग्रेड यह सुनिश्चित करना चाहेगी कि ये कंपनियां किफायती ढंग से नवाचार करें। अपग्रेड ने इसके पहले महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से 2,150 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक एआई उत्कृष्टता केंद्र बनाने की दावोस में घोषणा की थी। इसके अलावा कंपनी ने एक साल में 10 लाख भारतीय पेशेवरों को एआई में प्रशिक्षित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी भी की है।

### एक समूह बनाने की योजना

स्क्रूवाला ने कहा कि कंपनी एआई क्षेत्र मे सक्रिय स्टार्टअप कंपनियों का एक समूह तैयार करेगी जिनका अंतिम लक्ष्य सीखने और कौशल क्षेत्र को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि 'अपग्रेड एआई इनक्यूबेटर' ऐसी कंपनियों का समर्थन करेगी जो लागत-कुशल वृद्धि, सामग्री निर्माण को प्रोत्साहन, एआई-संचालित प्रणालियों के माध्यम से एक साथ कई बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन देने में सक्षम बनाने से जुड़ी हैं।

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी जानकारी

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण 20% से अधिक करने पर विचार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है।

पुरी ने कहा, 'हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे।' उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन।




### ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव आएगी

पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा, 'हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे।'

### स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहे देश

पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, 'भारत जैसी अर्थव्यवस्था जो छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, उसे ईंधन की जरूरत है। स्वच्छ भविष्य के लिए हमें वर्तमान में टिके रहने की जरूरत है।' पुरी ने कहा कि भले ही भारत के सामने विकास संबंधी चुनौतियां है लेकिन सभी जीवाश्म ईंधन उत्पादन कंपनियां 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेंगी। हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और उत्पादन पर पुरी ने कहा कि 2030 तक उत्पादन 50 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### बीमारियों एवं बर्ड फ्लू से बचाव के संबंध में सलाह

**कटनी।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आर.के.सोनी ने मुर्गे- मुर्गियों की बीमारियों से बचाव के लिए और बर्ड फ्लू- एवियन इन्फ्लूएंजा से बचाव के संबंध में आम नागरिकों को सलाह दी है। उन्होंने मुर्गे- मुर्गियों की बीमारियों से बचाव के लिए दूरी बनाये रखने, साफ- सफाई रखने, पोल्ट्री फार्म में बीमारियों को प्रवेश करने से रोकने, पोल्ट्री फार्म से उपकरण उधार न लेने, संकेतों को जानने, बीमारी की सूचना और बर्ड फ्लू- एवियन इन्फ्लूएंजा से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. सोनी ने बताया कि पक्षियों को बर्ड फ्लू एवं अन्य कई बीमारियां हो सकती हैं। ये बीमारियां एक पक्षी से दूसरे पक्षी में व दूषित पानी से अथवा प्रभावित पक्षी के मल-मूत्र पंखों आदि के जरिये पूरे झुंड को तेजी से प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने इसके बचाव के लिए विभिन्न तरीके अपनाने की अपील की है। पक्षियों को बाड़े में बंद रखिये, केवल पोल्ट्री फार्म की देखभाल करने वालों को ही पक्षियों के पास जाना चाहिये। पक्षियों के बाड़ों को साफ- सुथरा रखें और पक्षियों का भोजन और पानी रोजाना बदलें। पोल्ट्री फार्म, बाड़े को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त करते रहें। उन्होंने बताया कि अपने आपको और बाजार से या अन्य फार्मों में अन्य पक्षियों के सम्पर्क में आने वाली हर चीज की साफ- सफाई रखें। नये पक्षी को कम से कम 30 दिन तक स्वस्थ पक्षियों से दूर रखें।

### खेत के मकान में मिली सरकारी धान, कार्यवाही



**कटनी।** समर्थन मूल्य पर क्रय की गई सरकारी धान की हेराफेरी के मामले सामने आ रहे हैं। बड़वारा मझगंवा में वेयर हॉउस से चोरी की गई धान और ट्रकों से रात के गिरवाई गई बोरिया मझगंवा में एक खेत के अंदर बने घर में पाई गई जिसे मौके पर वेयर हॉउस के अधिकारियो के द्वारा पहुँच कर पंचनामा कार्यवाही कर पकड़ा गया। मौके पर बड़वारा पुलिस भी मौजूद रही। पुरे प्रकरण जाँच पड़ताल कर जाँच शुरू कर दी गईं हैं कि आखिरकर सरकारी बोरिया और टैग कहा से आए जिसके बाद आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी शर्मा नामक व्यक्ति के खेत में बनें मकान के अंदर से सरकारी धान की खाली बोरिया, सरकारी टैग और जली हुई सरकारी बोरिया मिली हैं। सरकारी धान जो वेयर हॉउस से ट्रक द्वारा जाती थी उसे कम दामों में खरीद कर खेत में स्टॉक कर लिया जाता था और बोरिया खाली करके दूसरी बोरियो में धान पलटी कर दी जाती थी। खाली सरकारी बोरो को जलाने का भी प्रयास किया गया और कुछ 50 से 60 बोरे बंद कमरे में ताला लगाकर रखा गया था जिसे मौके पर मौजूद अधिकारियो द्वारा खुलवा कर पंचनामा कर कार्यवाही की गईं।

### भागवत कथा में रूकमिण श्रीकृष्ण विवाह का आयोजन

**कटनी।** दुबे कॉलोनी स्थित शिवधाम में शिवरात्रि के अवसर पर सार्वजनिक संगीतमय श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा आचार्य अनुज कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से अमृतमयी वर्षा भक्तों को सुनाई जा रही है। बुधवार दोपहर को रेखा अंजू तिवारी ने बताया कि रूकमणी कृष्ण विवाह समारोह धूमधाम से बडे हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाया गया। इस अवसर पर कटनी की प्रथम नागरिक महापौर प्रीतिसंजीव सूरी अपने सहयोगियों सहित पहुंच कर प्रभु श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह में भक्तो के संग नृत्य किया। शिव धाम के युवा यूथ द्वारा वृहत स्तर पर सनातन धर्म संप्रदाय को लेकर बहुत ही सराहनीय पहल की गई है आगे भी ऐसे प्रयास करते रहिए हम आप सब के साथ-साथ हुआ। कार्यक्रम मे अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ सहित बाबा शिव धाम भक्तगणो की उपस्थित रही।

---

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, जाम से वाहन चालक व राहगीर हो रहे परेशान**

# मापदंडों पर खरे नहीं मैरिज गार्डन, बारातों से यातायात का बज रहा बाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की व्यस्त सड़कों पर इन दिनों बारातों के निकलने से जगह-जगह पर जाम की स्थिति आम हो गई है। मॉडल रोड के किनारे जगह जगह संचालित मैरिज गार्डन के चलते रात्रि में जाम के हालात आम हो गए हैं कमोवेश यही स्थित बस स्टैण्ड, मंडी रोड के अलावा शहर के अंदरूनी मार्गों में भी बारातों के निकलने से यातायात थम जाता है। शादियों का सीजन होने से रोजाना ट्रैफिक दबाव बन रहा है। एक ही समय में दर्जन भर से अधिक बारात लगने से मुख्य मार्गों में वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। बारातों से ट्रैफिक बाधित हो ही रहा था, वहीं मैरिज गार्डनों के बाहर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से भी जाम लग रहा है। शहर के ज्यादातर मैरिज गार्डनों में एनजीटी के नियम के तहत पार्किंग के लिए जगह न छोड़े जाने से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा रही है।

मॉडल रोड में ही दर्जनों मैरिज गार्डन संचालित हैं। शादियों के दौरान इस मार्ग पर जाम की समस्या सबसे अधिक रहती हैं।



फाइल फोटो

शादियों का सीजन होने से शाम से ही जाम लगना शुरू हो जाता है। यह स्थिति विवाह समारोह समाप्त होने तक बनी रहती है। सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग होने के कारण अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। मुख्य मार्ग पर स्थित कई मैरिज गार्डनों में पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं है। यहां आने वाले वाहन सड़क पर पार्क होते हैं।

नगर में वैध और अवैध मैरिज गार्डनों में बारातों का सिलसिला चल रहा है। शहर भर में करीब आधा सैकड़ा मैरित गार्डन, होटल व धर्मशालाएं संचालित हैं। इनमें से ज्यादातर पिछले कुछ साल के दरम्यान में ही खुले हैं। शहर में तेजी से नए-नए मैरिज गार्डन एवं हाल खुल रहे हैं। मौजूदा समय में शहर के लगभग हर हिस्से में मैरिज गार्डन खुल चुके हैं। कई गार्डन तो तंग गलियों के अंदर खुले हुए हैं। मैरिज हॉल के अलावा शहर में धमर्शालाएं भी संचालित हैं। कई धर्मशालाएं भी पार्किंग व अन्य मापदंडों के अनुरूप नहीं हैं। इन संस्थानों में मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है।

मैरिज हाल बनाने की अनुमति लेने के दौरान ननि अमला मौका मुआयना भी नहीं करता है। इस दौरान मौके पर पहुंचने वाले अधिकारियों को पार्किंग, ड्रेनेज, हॉल, सड़क आदि की जगह व्यवस्थित तौर पर संचालक द्वारा दर्शायी जाती हैं, लेकिन संस्थान तैयार होने पर पार्किंग की जगह का उपयोग दूसरे कार्यों में होने लगता है। शहर में कुछ मैरिज गार्डनों को छोड़कर अन्य मैरिज गार्डनों में मापदंड के तहत पार्किंग के लिए जगह नहीं रखी गई है। जाम लगने से शहरवासी परेशान हो रहे हैं।

अवैध रूप से चल रहे मैरिज गार्डनों को लेकर प्रशासन द्वारा पूर्व में गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। हर बार सिर्फ नोटिस तक ही प्रशासन की कार्रवाई सीमित रहती है। मैरिज गार्डनों में जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर सख्ती के साथ कदम नहीं उठाए जाने के कारण शहरवासियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

---

# आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने थाना माधवनगर ग्राम पहाड़ी निवासी 25 वर्षीय आदतन अपराधी पंकज कुमार चौधरी पिता रामदयाल चौधरी के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्यवाही करते हुए 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर ने आदतन अपराधी पंकज के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर की है।

पंकज कुमार चौधरी के विरूद्ध वर्ष 2024 में भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के अधीन 2 आपराधिक प्रकरण एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 के अधीन 3 प्रकरण पंजीबद्ध है, जिसमें अन्य गंभीर धाराओं का भी उल्लेख है। विगत तीन वर्षो में अनावेदक के विरुद्ध अश्लील कार्य करना, उपहति कारित करना, साधनों द्वारा उपहति कारित करना, स्त्री पर हमला करना, अंगविक्षेप, किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के आशय से उपासना स्थान क्षति करने के अपराध भी पंजीबद्ध है जिसमें कारावास या जुर्माना का प्रावधान निहित है।

पंकज की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं होने से उसकी आपराधिक गतिविधियों एवं कृत्यों के कारण आमजन का स्वच्छंद विचरण करना मुश्किल हो गया है। साथ ही क्षेत्र के आम नागरिक दैनिक जीवन के कृत्यो को सामान्य रूप से करने मे असहज महसूस करने लगे। पंकज की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने तथा क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने पंकज कुमार चौधरी के विरूद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 3 माह के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी किया है।

आदतन अपराधी पंकज को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी।

---

**बड़वारा नगर एवं ग्रामीण अंचलों में भक्तिभाव से मनाया गया पर्व**

# भोले के दरबार में लगी भक्तों की कतार, दुग्धाभिषेक एवं भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा नगर में शिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। सुबह से ही महिलाओं ने पूजा की थाल सजाकर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना बड़े ही भक्ति भाव के साथ कीं।

### सुप्रसिद्ध हनुमान ताल में हुआ भव्य आयोजन

बड़वारा नगर में स्थित हनुमान ताल में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर जन समुदाय भगवान स्वयंभू के दर्शन को एकत्रित हुए। भगवान शिव की पूजा, हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे की महा प्रसाद ग्रहण किया



### बस स्टैंड स्थित शिवालय में हुआ पूजन भंडारा

बड़वारा के बस स्टैंड में समाज सेवियों एवम युवाओं के द्वारा भगवान भूतनाथ का पूजन किया गया ततपश्चात भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

बड़वारा थाना में भी शिवरात्री पर्व के पुनीत अवसर पर थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी व हमराह स्टाफ के सौजन्य से भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक करवाया गया एवम भंडारे का आयोजन करवाया गया। भंडारे की प्रसाद को भारी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। रात्री में मंदिर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

### आदर्श मोहल्ला में आयोजन

बड़वारा में आदर्श मोहल्ला में मोहल्ले वालों के सौजन्य से भगवान शंकर जी का पूजन किया गया। श्रद्धालु जनों ने भी पूजन अर्चन किया। पूजन के पश्चात हवन किया गया। सभी के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। सभी ने भंडारे की प्रसाद ग्रहण किया।

---

## अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी पर हुई संगोष्ठी



भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आज न्यू कटनी मंडल के द्वारा बाबा घाट में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन तथा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायी है उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। इससे पूर्व अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, रामचंद्र तिवारी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने अटलजी के साथ साझा हुए अपने वक्त है संस्मरण सुनाए। श्रीमती अलका जैन ने बताया कि उनके पिता स्व निर्मलचंद जैन तथा अटल जी का जीवन साथ-साथ चला लिहाजा अटल जी से उनके पारिवारिक सम्बंध थे कई यादे आज भी जहन से विस्मृत नही होती। चमनलाल आनंद ने अटल जी के कटनी आगमन को लेकर अपनी यादे बताई, वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने वरिष्ठ नेता दयाराम तिवारी के चुनाव के दौरान अटल जी की सभा के दौरान हुए संस्मरण को साझा किया।

---

# कब्जा दिलाने पहुंची टीम तनाव के बीच वापस लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बैंक में बंधक पड़ी एक संपत्ति की नीलामी के बाद खरीददार को कब्जा दिलाने के लिए बैंक के कर्मचारी, राजस्व अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ राय कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति भी निर्मित रही। जहां एक तरफ खरीददार ने कब्जा लेने के लिए विधि संगत कार्यवाही करने की बात कही, वहीं संपत्ति पर अपना हक जताते हुए अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने कहा कि हमने बैंक से किसी तरह का कर्ज लिया ही नहीं। जब हमने कर्ज ही नहीं लिया तो फिर बिना किसी पूर्व सूचना के आखिर कैसे हमारी संपत्ति पर बैंक के द्वारा नीलामी की कार्यवाही करा सकती है।

जानकारी के अनुसार जिस संपत्ति को लेकर जद्दोजहत चल रही थी उसके संबंध में न्यायालय



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कटनी के द्वारा प्रकरण क्रमांक 35/बी-121/2023 में आवेदक प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेश्नल बैंक रिकवरी सेन्टर सर्कल आफिस 1227 नेपियर टाउन जबलपुर विरुद्ध मेसर्स मार्डन मशीनरी एजेन्सी प्रो. सुबोध अग्रवाल पिता स्व० हनुमान प्रसाद अग्रवाल पता बी.डी.अग्रवाल वार्ड कटनी में आदेश पारित किया जा चुका है। पारित आदेश 22.08.2023 के आदेशानुसार ग्राम टिकुरी पटवारी हल्का नंबर 44 राजस्व निरीक्षक मण्डल मुड़वारा अंतर्गत खसरा नंबर 26/1/क एवं 26/2/क (पुराना खसरा नंबर 26/1, 26/2. 27/5) कुल रकवा 0.057 हे0 (6250 वर्गफुट) को रिक्त करवाकर वास्तविक कब्जा दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा कब्जा दिलाये जाने का निर्देश दिये गये है। उक्त आदेश के पालन में आवेदक को कब्जा दिलाये जाने हेतु कार्यवाही गत दिवस की गई। हालांकि यह कार्यवाही अधूरी ही रह गई।

---

**एसपी एवं कलेक्टर से शिकायत कर न्याय दिलाने की गई मांग**

# लोन दिलाने के नाम पर किसान से साथ धोखाधड़ी, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक किसान के कम लिखे पढ़े होने का फायदा उठाकर लाखों रूपए का लोन निकाल लिया गया। किसान को जब बैंक से नोटिस आया तब जाकर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी लगी। किसान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र के माध्यम से अपना दुखड़ा सुनाते हुए न्याय दिलाने तथा दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। मामला बड़वारा क्षेत्र के ठुठिया का है। एजेंट द्वारा किसान के नाम पर 15.50 लाख रुपए का लोन निकालकर धोखाधड़ी की गई। यह राशि बढ़कर 23 लाख 50 हजार रुपए हो गई है। किसान ने इस फर्जीवाड़े में बैंक के एजेंट, बैंककर्मियों की संलिप्तता के आरोप पीड़ित ने मढ़े हैं।

किसान लालजी सिंह गोंड़ ने बताया कि उनके और उनके पिता के नाम पर खेती की जमीन है, जिससे वह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। करीब दो साल पहले एक्सिस बैंक के एक कर्मचारी अंकुर श्रीवास ने उनसे संपर्क किया और किसान क्रेडिट कार्ड के तहत सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लोन दिलाने की बात कही। बिना जानकारी लाखों रुपए निकाले-जब लालजी सिंह ने बैंक जाकर पूरी जानकारी ली, तो पता चला कि उनके खातों से एटीएम और चेक बुक के माध्यम से कई बार पैसे निकाले गए। इतना ही नहीं, सरकारी योजनाओं के तहत उनके खाते में भेजी गई सहायता राशि भी गुपचुप तरीके से निकाल ली गई। इस तरह से बैंककर्मी और अन्य लोगों की मिलीभगत से उनके नाम पर लाखों रुपए का लोन लिया गया और हेरफेर किया गया। किसान लालजी सिंह ने इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की है। उन्होंने बैंक और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### इस तरह की गई धोखाधड़ी

किसान को केसीसी के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने के बहाने से उनके नाम से दो खाते खोले गए। एक खाता में लोन सीमा 4 लाख 50 हजार रुपए तय की गई। दूसरे अलावा में लोन सीमा 11 लाख रुपए रखी गई। लालजी सिंह का आरोप है कि बैंककर्मी ने उनके साथ धोखाधड़ी करते हुए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की सिम, दोनों खातों के एटीएम और पासवर्ड ले लिए। शुरुआत में एक बार थोड़ी राशि निकालकर उन्हें दी गई और कहा गया कि जब और पैसा आएगा, तब उन्हें दे दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद कभी भी उन्हें कोई रकम नहीं दी गई। हाल ही में जब बैंक से 23 लाख 50 हजार रुपए के बकाया लोन का नोटिस उनके घर पहुंचा, तब उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला।

इस मामले को लेकर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है। इस मामले को लेकर लीडा बैंक प्रबंधक को जांच कराकर रिपोर्ट देने कहा है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उनके अनुसार आगे उसके अनुसार कार्रवाई कराई जाएगी।

---

**पेट्रोल पंपों पर बने पीयूसी सेंटर शोपीस ही साबित हो रहे**

# प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वाहनो से निकल रहे प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिये प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रदूषण जांच केन्द्र होना चाहिये। ताकि मौके पर ही वाहनों की जांच की जा सके। तदाशय के आदेश का पेट्रोल पंपों पर वाहनों का प्रदूषण नही जांचा जा रहा है। नतीजन सड़क पर वाहन प्रदूषण फैला रहे है।

### किसी को नहीं है सरोकार

निर्देशो के तहत परिवहन विभाग द्वारा आवेदक को तत्काल पीयूसी सर्टिफिकेट दिया जाना था। इससे ये पता चलता कि कितने वाहन प्रदूषण फैला रहे है। इस प्रक्रिया के लिये पंप संचालको को परिहवन अधिकारी के समक्ष आवेदन करना था। तय समयावधि के तहत परिवहन आयुक्त द्वारा इसकी मंजूरी दी जाती। इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का जिम्मा कलेक्टरो का था। यदि किसी पंप में प्रदूषण जांच केन्द्र नही मिला तो उस पर कार्यवाही भी की जानी थी। कलेक्टर को निरीक्षण भी किया जाना था। लेकिन यहां ऐसा कुछ नजर नही आ रहा है।




नतीजन प्रदूषण के चलते श्वांस रोगियो की तादात बढ़ती जा रही है। ऐसी प्रक्रिया के अमल मे आने से पीयूसी केन्द्रो द्वारा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनो की जानकारी परिवहन अधिकारी को दी जानी थी जिस पर विभाग की ओर से कार्यवाही की जानी थी। लेकिन इस पर कोई एक्सन नही हो रहा है।

### कमियों की जांच करने नहीं होता निरीक्षण, कागजों में सब ओके

पेट्रोल पंपो में उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी, नापजोख में गड़बड़ी व रिकार्ड संधारण में बेधड़क अनियमितताओं का खेल जारी है। जिम्मेदार विभाग पुख्ता जानकारी के बावजूद मौन साधना में है। कागजी खानापूर्ति के लिये कभी कभार निरीक्षण और छुटपुट कार्यवाही का दिखावा करते हुये अपनी बचत तो कर ली जाती है लेकिन हजारों ग्राहको को खुलेआम लुटने के लिये छोड़ दिया गया है। जाहिर है घालमेल के चलते दर्जनों पेट्रोल पंप आधी अधूरी सुविधाओं के बावजूद बेहिचक संचालित है। समूचे जिले में करीब आधा सैकड़ा पेट्रोल पंप संचालित है। इनमें बमुश्किल आधा दर्जन ही नियमों का पालन कर रहे है। शेष सभी का संचालन अपारदर्शी है।

---

# जिले में गेहूं स्टॉक सीमा लागू, व्यापारियों को पोर्टल पर स्टॉक घोषित करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेशानुसार गेहूं के व्यापार में स्टॉक सीमा लागू कर दी गई है। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाओं, स्टॉक सीमा और संचलन प्रतिबंध हटाने (संशोधन) आदेश में बदलाव किया गया है। यह स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी।

### ये मात्रा की गई तय

व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और रिटेलर्स के लिए स्टॉक सीमा- इस संबध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि व्यापारी या थोक विक्रेता अधिकतम 250 मीट्रिक टन गेहूं का भंडारण कर सकते हैं जबकि रिटेलरों के प्रत्येक आउटलेट के लिए 4 मीट्रिक टन की सीमा तय की गई है। बड़ी चेन रिटेलरों के लिए भी प्रति आउटलेट 4 मीट्रिक टन की सीमा निर्धारित की गई है, लेकिन उनके सभी आउटलेट और डिपो में स्टॉक की कुल मात्रा आउटलेट की संख्या से 4 गुणा मीट्रिक टन से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### प्रोसेसर के लिए विशेष प्रावधान

प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा को अप्रैल 2025 तक शेष महीनों से गुणा कर निर्धारित किया जाएगा। इस आदेश के तहत प्रोसेसिंग इकाइयों को अपने स्टाफ की स्थिति स्पष्ट रखनी होगी।

### स्टॉक की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

सभी इकाइयों को भारत सरकार के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल https://eveg-oils.nic.in/eosp/login पर अपने स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक पाया जाता है, तो अधिसूचना जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर उसे स्टॉक सीमा के भीतर लाना अनिवार्य होगा।

### शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी गेहूं व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, रिटेलरों, बड़ी चेन रिटेलरों और प्रोसेसर्स से अनुरोध किया गया है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करें और अपने धारित स्टॉक को निर्धारित सीमा में रखें, साथ ही तय समयावधि में पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति घोषित करें।

# डमरू वाले बाबा की निकली बारात, भूत-प्रेत हाथी-घोड़े सब बने बाराती

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**जबलपुर। शिवजी की आराधना, भक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि पर बुधवार को समूची संस्कारधानी धर्ममय नजर आई। शिवालयों, मंदिरों से लेकर घर-घर हर-हर महादेव, बम-बम भोले, ऊँ नमः शिवाय के सम्मलित स्वर सुनाई देते रहे। शिवरात्रि पर्व पर ब्रम्ह मुहूर्त से ही मंदिरों में शिवजी का अभिषेक, पूजन अर्चन के लिए भक्तों की जो भीड़ जुटना शुरू हुई, वह देर रात तक जारी रही। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कचनारसिटी स्थित बड़े महादेव, जीसीएफ इस्टेट स्थित पाटबाबा मंदिर, शिव-पार्वती मंदिर भानतलैया, गौरीघाट स्थित साकेत धाम, जिलहरीघाट शिव मंदिर, बड़ा फुहारा शिव मंदिर, गंजीपुरा शिवमंदिर के अलावा शहर के अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गई। जहां शिवभक्तों ने भक्तिभाव के साथ भोले-भंडारी का विल्वपत्र, धतूरा तथा अन्य पूजन सामग्री के साथ अभिषेक, पूजन किया।**

### जगमग रोशनी से नहाए मंदिर

शिवरात्रि पर्व पर शहरभर में भक्ति भाव का नजारा दिखाई दे रहा था। नगर के शिव मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई जहां दिन भर शिवजी के भक्ति गीत गूंजते रहे। मंदिरों में भगवान भोलेशंकर का विशेष श्रृंगार किया गया। रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, सहस्त्रार्चन के अलावा विविध धार्मिक अनुष्ठान प्रातः से लेकर रात के चारों पहर तक चलते रहे। इसी के साथ लोगों ने व्रत रखकर अपने घरों में विधि विधान के साथ शिवजी की पूजा अर्चन की।



### गुप्तेश्वर में लगी लंबी कतारें

स्वयंभू सिद्धपीठ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व की खासी धूम रही। यहां पर भगवान भोलेनाथ का अद्भुत श्रंगार किया गया। महादेव के दर्शन करने भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और शाम को पंच महाआरती की गई। कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट राजेश तिवारी, ऋषभ मिश्रा, उत्कर्ष रावत, रश्मि गुप्ता, मोहित झारिया आदि उपस्थित रहे। मार्ग के दोनों ओर पूजन सामग्री, खेल-खिलौने आदि की दुकानें सजी रहीं। शिवरात्रि के मेले का विहंगम दृश्य यहां देर रात तक बना रहा। इसके अलावा पाठबाबा मंदिर में भी काफी चहल पहल रही।

### शिव पंचायतन मंदिर हनुमानगढ़ी में रूद्राभिषेक

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नर्मदा तट गौरीघाट स्थित प्राचीन सिद्ध शिव पंचायतन मंदिर हनुमानगढ़ी में शिव भक्तों द्वारा सायंकाल में महारूद्रभिषेक किया गया। मंदिर समिति के संदीप जैन ने बताया कि विगत 21 वर्षों से यहां भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जा रहा है। इस पुण्य आयोजन में इस साल यज्ञाचार्य पं. राधेश्याम शर्मा शास्त्री के साथ 11 ब्राम्हणों द्वारा रूद्राभिषेक किया गया।

### शिव मंदिर नार्बल स्कूल रोड

बड़े शंकर जी के मंदिर अन्नपूर्णा मार्केट गंजीपुरा और नार्बल स्कूल में भगवान शिव का पूजन अर्चन हुआ एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः काल 4 बजे महाअभिषेक हुआ और शाम 6 बजे हवन पूजन के बाद महाआरती की गई। इसके बाद देर रात तक भजनों का कार्यक्रम चलता रहा। वीरेन्द्र तिवारी और सुधीर साहू के द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।





### निकली भोलेनाथ की बारात

भरतीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर में सोनकर खटीक समाज द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह समारोह पूर्वक संपन्न कराया गया। वर पक्ष कन्या पक्ष के यहां पूरी हिन्दू रीति रिवाज के साथ बारात लेकर पहुंचा। बारात में बैंड दलए धमाल पार्टियां, विविध झांकियां, नर्तन दल, भगवान शिव के विभिन्न वेशधारी नागरिकगण एवं बड़ी तादात में श्रद्धालुजन शामिल थे। बारात शहर के प्रमुख स्थलों से होते हुए शिव पार्वती मंदिर भरतीपुर पहुंची जहां पर हिन्दु रीति रिवाज के साथ द्वारचार, पारिणग्रहण संस्कार, कन्यादान आदि की रस्में पूर्ण की गई। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, विनायक लखन घनघोरिया आदि शामिल रहे। इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों से भी शिवजी की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में हाथी, घोड़े, भूत-प्रेत सब शामिल थे। गुलौआ चौक स्थित श्री खेरमाई मंदिर स्थित और भरतीपुर स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर से बारात निकाली गई। बारात में भूत-प्रेत नृत्य करते चलते रहे थे तो हाथी घोड़े भी मदमस्त होकर झूम रहे थे। ''डमरू वाले बाबा चले व्याह रचाने'' ये गीत की धुनों पर बारात में शामिल श्रद्धालु भी झूम रहे थे।



### खटीक समाज ने निकाली ध्वज यात्रा

360 गोत्रीय क्षत्रिय खटीक समाज द्वारा बुधवार को मां सिद्धिदात्री मंदिर प्रांगण से भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। यह यात्रा समाज के पूर्वजों द्वारा निकाली जाने वाली परंपरागत ध्वज यात्रा का पुनरुद्धार है, जिसे आज समाज ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न किया।ध्वज यात्रा मां सिद्धिदात्री मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ी खेरमाई, भान तालैया, सिंधी कैंप होते हुए सिद्धेश्वर धाम सिद्धबाबा पहुंची, जहां समाजजनों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस पावन अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों, युवा शक्ति एवं महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रही। ध्वज यात्रा के समापन पर सिद्धेश्वर धाम सिद्धबाबा में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

### मंत्री श्री सिंह गुप्तेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल होकर गुप्तेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने पुराना बस स्टेंड नवभारत प्रेस के सामने महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारा के कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इसके साथ ही महाशिवरात्रि पर्व पर मंत्री श्री सिंह ने शहर में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### बड़े महावीर में सजी अमरनाथ की झांकी

बड़े फुहारे स्थित श्री महावीर मंदिर परिसर में स्थित शिवालय में भक्तों ने बाबा अमरनाथ की झांकी सजाई थी। हवन पूजन अभिषेक के आयोजन किये गये। मंदिर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से अलंकृत किया गया था। यहां की गई रंग बिरंगी विद्युत छटाओं की सजावट के बीच भजन कीर्तन के कार्यक्रम देखने व सुनने श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर खड़े रहे।



### ब्रह्म कुमारी आश्रम से निकली शिव संदेश यात्रा

शिवरात्रि महापर्व पर प्रजापिता ब्रह्म कुमारी आश्रम भंवरताल से भोले बाबा की शिव संदेश शोभायात्रा निकल गई, इस शोभायात्रा में अभिलाष पांडे विधायक उत्तर मध्य, विधायक अजय विश्नोई, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर , ब्रम्ह कुमारी आश्रम की भावना बहन और प्रजा पिता ब्रह्मकुमारी के सभी भक्त ध्वज लेकर बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा शामिल रहे।



### कल्याण मंदिर से निकली बारात

जवाहरगंज वार्ड के कछियाना स्थित प्राचीन शिव कल्याण मंदिर से शिवरात्री की पूर्व संध्या पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें भगवान की झांकिया शामिल थी। बरात के अतिथि युवा समाजसेवी जय घनघोरिया, मनोज नामदेव, नयन रजक, शैलेंद्र त्रिपाठी, शैलू जायसवाल, सहित भोलेनाथ के भक्त गण बड़ी संख्या में सम्मिलित थे।

### कचनार शिवालय में उमड़ी भीड़



शहर के शांत क्षेत्र विजय नगर के पास कचनार सिटी में स्थित बड़े शंकर जी के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का मेला प्रारंभ हो गया था। यहां विशाल परिसर में स्थापित भोलेनाथ के अद्भुत विशाल मूर्ति और गुफा के अंदर स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। ज्यों-ज्यों दिन चढ़ता गया, त्यों-त्यों भीड़ बढ़ती चली गई। दोपहर में अहिंसा चौक से पुलिस को बेरिकेट्स लगाकर वाहनों को रोकना पड़ा। अंहिसा चौक से कचनार सिटी मंदिर तक भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी।

# उपासना परमेश्वर की ही करना चाहिए किसी और की नहीं : आचार्य सोमदेव

## महर्षि दयानंद सरस्वती के 201वें जन्मदिवस पर आयोजित समारोह का हुआ समापन

जबलपुर।

महर्षि दयानंद सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव एवं महाशिवरात्रि पर्व ऋग्वेद पारायण यज्ञ तथा 21 कुण्डलीय सर्वकल्याण महायज्ञ भजन एवं प्रवचन समापन समारोह आर्य समाज नेपियर टाउन, जबलपुर में मनाया गया, जिसमें वेद पाठ गुरूकुल नर्मदापुरम के ब्रम्हचारियों ने किया और यज्ञ में सैकड़ों नर-नारियों ने श्रद्धा से आहुति प्रदान की। इस कार्यक्रम में समाजसेवियों का विशेष सम्मान किया गया, जिसमें संस्था के प्रधान वीरेन्द्र घमीजा, एस.सी. खत्री, आशा गंभीर, निर्मल नागराज और मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी में सम्मानित संस्कारधानी की रश्मि कुरील को भी राजस्थान से आये आचार्य सोमदेव महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। आचार्य सोमदेव ने अपने प्रवचन में कहा कि उपासना परमेश्वर की ही करना चाहिए किसी और की नहीं, परमेश्वर शक्तिमान होने से साथ संसार बनाता है, संसार का पालन करता है, हम सब जीवों के शरीरों को परमेश्वर ने ही बनाया है। संसार में सब सुख साधन परमेश्वर ने ही दे रखे हैं, इसलिए उपासना परमेश्वर की ही करें। कार्यक्रम में उमेशचंद्र सेन, योगेश्वर प्रसाद दीक्षित, समीर बेहड़, सुदेश धमीजा, उषा खुराना, पूनम महेश्वरी, डॉ. अरूण सिंह का विशेष योगदान रहा।



# हर-हर महादेव का उद्घोष करती निकली महादेव की बारात

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव शक्ति सेवा समिति और शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में बरगद वाले हनुमान जी गोहलपुर से भोलेनाथ की बारात निकाली गई, जो विभिन्न सड़कों से होती इुई बस्ती नम्बर 2 स्थित दुर्गा मंदिर पहुंची। बारात में भोलेनाथ और माँ पार्वती का स्वागत शिवभक्तों ने मिष्ठान्न और फूलमाओं से किया। शाम को बारात के समापन पर श्री गणेश हनुमंत छाया हाईट में प्रसिद्ध गायक विष्णु सोनी द्वारा भोलेनाथ के गीतों की प्रस्तुति दी गई एवं भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती वरमाला एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, गणेश पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष रूपेश पिंटू पटेल, मनीष अग्रहरी, नवीन पटेल सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।



# ओशो का ज्ञान पूरी मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है : स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती

**जबलपुर।** "शिव संसार के पहले आध्यात्मिक गुरु हैं, जो जीवन जीने की शिक्षा देते हुए ज्ञान, भक्ति, वैराग्य और आत्मा के उत्थान की विधियां बताते हैं। वे अध्यात्म की विधिवत शिक्षा देने वाले हैं। उक्त व्याख्यान सदगुरु ओशो ने दिए हैं, उनका ज्ञान पूरी मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।" ये बात ओशो अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उनके सान्निध्य में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव मय होने का अवसर जबलपुरवासियों को मिला है। इस अवसर पर स्वामी आनंद संतोष, माँ अमृत प्रिया, माँ निशा भारती आदि उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि ध्यान तकनीकों में किसी धार्मिक अनुष्ठान का उल्लेख नहीं है। कहीं मंदिर जाने की, तीर्थ यात्रा की, पूजा-प्रार्थना की, मध्यस्थ पंडित-पुरोहित-पादरी की जरूरत नहीं है। अंधविश्वास, मान्यता, श्रद्धा, फिलासफी, सिद्धांत, धारणा आदि अनावश्यक है। उन्होंने बताया कि विज्ञान भैरव तंत्र का भावार्थ है, समस्त द्वंद्वों के पार ले जाने वाली विधियों का विज्ञान, इसमें वर्णित एक सौ बारह विधियां समस्त मानव जाति के लिए हैं।



# मुस्लिम लीगल एड. एंड वेलफेयर सोसायटी ने मनाया स्थापना दिवस

## वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया सम्मान



**जबलपुर।** मुस्लिम लीगल एड. एण्ड वेलफेयर सोसायटी के पांचवें स्थापना दिवस पर बुधवार को फलक पैलेस घंटाघर में बड़ी भव्यता से स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान कर बेसहरा, गरीबों की मदद एवं समाज की सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष एड. शबाब खान एवं सचिव फिरोज अंसारी ने पांचवें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस संस्था को बनाने का मुख्य उद्देश्य बेसहारा गरीबों की मदद एवं समाज में व्याप्त शिक्षा की कमी को दूर करना है एवं समाज को शिक्षित और एकजुट बनाकर इस देश की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि आज सोसायटी के सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर समाज को शिक्षित करते हुए इस देश के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता की उपाधि प्राप्त इम्तियाज हुसैन, मो. अली, अहादुल्लाह उस्मानी, कादिर खान समेत अन्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शबाब खान, रिजवान खान, फिरोज अंसारी, शेख अजीम, सलीम खान, मासूम खान, मो. शाकिर, सादिक कादरी, जफर खान, मुईन खान, शफी खान, सहित बड़ी तादाद में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1877/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कौशल्या वत्स/स्व. विश्वेश्वर दयाल वत्स नि.-रक्षा कर्मचारी कालोनी राँझी ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा-2000 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-04/05/2018 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं. - निर्मित रकवा/ रकवा-2000 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -करौंदी प.ह.नं.- खसरा नं.-9/16/12 रकवा-2000 व.फु./ हे. विश्वेश्वर दयाल S/O आनंद प्रकाश शर्मा के नाम दर्ज है।
अत : किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12/03/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 24/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-24/02/2025
पेशी दिनांक-12/03/2025 तहसीलदार
मुद्रा रांझी, जबलपुर



# मकबरा नहीं, किसी और काम के लिए बना था गीजा का पिरामिड

एजेंसी ▶▶| मिस्र

वैज्ञानिकों के लिए मिस्र के गीजा सहित अन्य सभी पिरामिड बहुत रहस्यमयी रहे हैं। वे इस अनूठी संरचना के कई रहस्य समझ नहीं पाए हैं कि उन्हें आखिर बनाया क्यों गया था। वैज्ञानिकों को एक तरफ पिरामिड में अपने दौर के राजा ( जिन्हें फैराओ कहा जाता था) के मकबरे संबंधी चीजें मिली हैं। वहीं , कई चीजों और रहस्यों ने पुरातत्वविदों और वैज्ञानिकों को परेशान कर रखा था। पिछले कुछ समय से वैज्ञानिक अनुमान लगा रहे थे कि हो सकता है कि पिरामिडों का इस्तेमाल ऊर्जा के भंडारण या उत्पादन के लिए होता रहा हो। अब उन्हें पता चल गया है कि गीजा का पिरामिड असल में एक बहुत ही बड़ा पॉवर प्लांट हुआ करता था।

## वैज्ञानिकों ने किया एक टेस्ट, नतीजे ने चौंकाया

### एक बहुत ही बड़े पॉवर प्लांट

वैज्ञानिकों ने इस खास प्रयोग के आधार पर ना केवल यह पता लगाया है कि पिरामिड ऊर्जा भंडारण के लिए इस्तेमाल होते थे, बल्कि वे पॉवर प्लांट की तरह कैसे इस्तेमाल होते थे, यह भी पता चला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने बहुत सारी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों को पिरामिड पर डाला, जिससे उन्होंने कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलीं।



### तरंगों को सोख लिया

शोधकर्ताओं ने पाया कि पिरामिड के कुछ हिस्सों ने इन तरंगों को तो अवशोषित ही कर लिया। इसमें राजा और रानी दोनों के मकबरे शामिल थे। इसके आधार पर वे इस नतीजे पर पहुंच सके कि पिरामिड को इस तरह से बनाया गया होगा, जिससे उसमें खास मकसद से ऊर्जा का भंडारण किया जा सके।

### कैसे बनाई जाती थी ऊर्जा?

उन्होंने बताया कि पहली बात तो ये कि पिरामिड का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं था, जिसका कोई व्यावहारिक इस्तेमाल नहीं होता था। चेम्बर में दो तरह के कैमिकल्स को मिलाया जाता था और वह मिश्रण ऊर्जा बनाने के लिए हाइड्रोजन उबालता था। मिस्रवासी ऊर्जा को पकड़ने के काम करते थे, जिससे वे इसका इस्तेमाल कर सकें।

### बहुत उच्च किस्म की निर्माण तकनीक थी

30 साल तक पिरामिडों का विश्लेषण करने वाले क्रिस्टोफर का कहना है कि पिरामिड को केवल संयोग से ही इतना सटीक नहीं बनाया गया है। कम्प्यूटर विश्लेषण करने के बाद उनका मानना है कि मिस्र के लोगों को पास बहुत उच्च किस्म की निर्माण तकनीक और यहां तक कि भारी मशीनरी भी थी। लेकिन, अभी तक इस तरह का कोई भी उपकरण खोजा नहीं जा सका है।

गॉड ऑफ जस्टिस

# महा अदालत, न्याय देवता से इंसाफ मांगने आते हैं श्रद्धालु

स्टांप पेपर लेकर आते हैं फरियादी

एजेंसी ▶▶| देहरादून

देवभूमि उत्तराखंड अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में फेमस है। कहा जाता है कि देवभूमि के कण-कण में भगवान वास करते हैं। यही वजह रही कि बड़े-बड़े ऋषि-मुनि यहां की पहाड़ियों पर तपस्या की

**कौन हैं न्याय के देवता :** उत्तराखंड में न्याय का यह मंदिर अल्मोड़ा में है। इस मंदिर में स्थापित भगवान को न्याय का देवता कहा जाता है। साथ ही इन्हें गोलू देवता के नाम से भी जाना जाता है।

### विदेश से भी आते हैं लोग

मान्यता है कि यहां देश ही नहीं, विदेश से भी लोग न्याय मांगने के लिए आते हैं। इसीलिए, इस मंदिर को गॉड ऑफ जस्टिस के नाम से भी जाना जाता है।

### एफिडेविट के साथ लगती है कोर्ट

मान्यता है कि लोग यहां एफिडेविट (चिट्ठी) के साथ अपनी फरियाद लेकर आते हैं। मुराद पूरी होने के बाद लोग भगवान गोलू देवता को घंटी चढ़ाते हैं।



### लड़ाई में प्राण न्यौछावर कर दिए

कहा जाता है कि गोलू देवता चंद राजा बहादुर शासन काल में सेवा में जनरल थे। एक लड़ाई के दौरान उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। उन्हीं के सम्मान में मंदिर की स्थापना की गई है।

### मंदिर का निर्माण किसने करवाया?

इसके बाद 12वीं शताब्दी में चंद्रवंश के सेनापति ने गोलू देवता का मंदिर का निर्माण करवाया। यहां के लोग इस बात से अनजान हैं कि यह मंदिर कब और कैसे बना? न ही इसके कोई प्रमाण मिलते हैं।

### हर मनोकामना होती है पूर्ण

कहा जाता है कि मंदिर के दर पर आए हर भक्त की मनोकामना पूरी होती है। यहां आने वाले लोग चिट्ठी में अपनी मन्नत लिखते हैं और भगवान को अर्पित करते हैं।

### कब बनकर तैयार हुआ मंदिर?

मंदिर का स्वरूप देखकर अंदाजा लगाया जाता है कि 19वीं शताब्दी में यह मंदिर बनकर तैयार हुआ होगा। इस मंदिर में मौजूद भगवान गोलू देवता को भगवान शिव और विष्णु का अवतार भी माना जाता है।

### जज बनकर न्याय देते हैं भगवान शिव

इतना ही नहीं, कई लोग तो स्टांप पेपर पर लिखकर अपने लिए न्याय मांगते हैं। इसे गोलू देवता जज बनकर उन्हें न्याय देते हैं और भक्तों की मन्नत को पूरा करते हैं।

### गोलू देवता मंदिर कैसे पहुंचे

न्याय देने वाला 'चितई गोलू मंदिर' अल्मोड़ा से 8 किलोमीटर दूर पिथौरागढ़ हाईवे पर स्थित है। यहां सफेद घोड़े पर बैठे सफेद पगड़ी बांधे गोलू देवता की प्रतिमा है। इनके हाथ में धनुष बाण है।

### शादी के लिए आते हैं लोग

मान्यता यह भी है कि जिन जोड़ों की शादी इस मंदिर में होती है, उनका साथ जन्मों-जन्मों तक बंध जाता है। पिछले कुछ सालों में यहां होने वाली शादियों की संख्या बढ़ी है।

### इन नामों से भी पहचान

गोलू देवता को ग्येल देवता, राजवंशी देवता, गौर भैरव और गोल्ज्यू महाराज आदि जैसे नामों से भी जाना जाता हैं। जो कि शिव भगवान के अवतार माने जाते हैं।

# शराब की बोतल और गिलास का चढ़ावा, सिगरेट से बाबा की आरती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर और मेरठ जिले में स्थित दो मंदिरों की कहानी बेहद हैरान करने वाली है। यहां पूजा का अंदाज इतना अलग है कि आप भी जानकर हैरान रह जाएंगे। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के त्योहार को लेकर बाबा के भक्त तैयार हैं। शिवालयों में भक्तों की बड़ी भीड़ उमड़ेगी। ऐसे तो हर मंदिर का कोई न कोई खास महत्व जरूर है, लेकिन उत्तर प्रदेश के सीतापुर और मेरठ जिले में स्थित दो मंदिरों की कहानी बेहद हैरान करने वाली है।



### मेरठ का अनोखा धाम

मेरठ जिले में एक ऐसी जगह है, जहां पूजा का अंदाज एकदम जुदा है। कंकरखेड़ा के कासमपुर में एक समाधि को धन्ना बाबा के तौर पर जाना जाता है। श्रद्धालु यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन, पूजा का तरीका बेहद हैरान करने वाला है। यहां धूपबत्ती-अगरबत्ती से बाबा की मूर्ति की आरती नहीं उतारी जाती, बल्कि सिगरेट से आरती की जाती है।

# सड़क हादसे में गर्भवती समेत दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में सोमवार शाम लगभग 5:30 बजे केशकाल घाटी के दसवें मोड़ में बेकाबू ट्रक ने मोटरसाइकिल को रौंद दिया। इस दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल हुई गर्भवती महिला को केशकाल पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई है। केशकाल पुलिस जांच कर रही है।

केशकाल थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि घाटी में सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायल महिला को केशकाल अस्पताल पहुंचा दिया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि मृतिका धनेश्वरी सलाम 7 महीने की गर्भवती थी। जो अपने पति संदीप सलाम व जेठानी के साथ सोनोग्राफी करवाने कांकेर गई हुई थी। सोनोग्राफी करवा कर सभी लोग मोटरसाइकिल से अपने घर हिचका (धनोरा) लौट रहे थे।



### सुबह होगा पोस्टमार्टम

केशकाल बीएमओ डॉ. डीके बिसेन ने बताया कि उक्त सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं दूसरी महिला को सिर में गम्भीर चोट आने के चलते उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

# इस महिला को है पानी से एलर्जी पीने और नहाने से करती हैं परहेज


**यूनाइटेड किंगडम।** मानव शरीर लगभग 75 प्रतिशत पानी से बना होता है और पानी जिंदा रहने के लिए बेहद अहम होता है। यह तत्व सभी अंगों को दुरुस्त रखता है और हमे सेहतमंद बनाए रखने में मदद करता है। हालांकि, क्या हो अगर आपको पानी से ही एलर्जी हो जाए? यह सुनने में अजीब लगता है, लेकिन ऐसा यूनाइटेड किंगडम की महिला के साथ सच-मुच हो रहा है। दरअसल, पानी के संपर्क में आते ही उनको असहनीय दर्द महसूस होता है। महिला का नाम केंडल ब्राइस है और उनकी उम्र महज 25 साल



है।वह एक्वाजेनिक अर्टिकेरिया नामक दुर्लभ बीमारी से जूझ रही हैं, जो त्वचा से संबंधित एलर्जी है। केंडल बताती हैं कि जब भी वह पानी के संपर्क में आती है तो उसकी त्वचा सूज जाती है और उनके शरीर पर दाने या चकत्ते निकलने लगते है। अगर वह नहाती हैं तो उन्हें ऐसा महसूस होता है मानो किसी ने उनपर जलता हुआ लाइटर फेक दिया हो।डॉक्टर भी इस बीमारी का इलाज खोजने में हैं असमर्थकेंडल को इस बीमारी का पता तब चला, जब वह 15 साल की थीं। उस समय वह दवा खाकर आराम महसूस करती थीं, लेकिन अब उनकी स्थिति बत्तर हो चुकी है। केंडल को 2021 में यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के एक त्वचा विशेषज्ञ के पास भेजा गया था, जिन्होंने उनकी बीमारी की पहचान की थी। डॉक्टर अब तक केंडल के लिए कोई दवा नहीं खोज पाए हैं। उनकी बीमारी इतनी दुर्लभ है कि इसके विषय में ज्यादा लोगों को जानकारी नहीं है।

# आसमान में ग्रहों की परेड, एक लाइन में आएंगे सभी प्लेनेट

**वॉशिंगटन।** खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए 28 फरवरी को आसमान में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। इस दौरान अंतरिक्ष में सौर मंडल के सभी ग्रह एक साथ नजर आएंगे। इस घटना को ग्रहों का संरेखण या प्लेनेट परेड कहा जाता है। 28 फरवरी की रात को ग्रहों की परेड का चरम बिंदु होगा, जो पिछले महीने से चल रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये संरेखण काफी दुर्लभ है और फिर अगले 15 साल तक देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद इस तरह की ग्रहों की परेड साल 2040 में ही देखने को मिल सकती है। आसमान में यह ग्रहों का दुर्लभ मिलन होगा, जब सभी ग्रह 28 फरवरी को थोड़े समय के लिए एक साथ दिखाई देंगे। एक्सपर्ट का कहना है कि इसे देखने के लिए शहर की रोशनी से दूर खुले मैदान में जाना बेहतर होगा। इस दौरान मौसम साफ रहा तो यूरेनस और नेपच्यून को छोड़कर बाकी ग्रहों को नंगी आंखों से देखा जा सकेगा। यूरेनस और नेपच्यून को देखने के लिए दूरबीन की जरूरत होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, मंगल पूर्व में, बृहस्पति और यूरेनस दक्षिण-पूर्व में जबकि शुक्र, नेपच्यून और शनि पश्चिम में दिखाई देंगे।



### क्यों खास है ग्रहों का ये संरेखण

खगोलविद के अनुसार ग्रहों के संरेखण तब होता है, जब ग्रह सूर्य के एक तरफ एक साथ दिखाई देते हैं। इस संरेखण में तीन से आठ ग्रह तक शामिल हो सकते हैं। एक बड़े संरेखण में आमतौर पर पांच या छह ग्रह होते हैं। ऐसा ग्रहों का संरेखण सबसे दुर्लभ है, जैसा कि 28 फरवरी को हो रहा है। बीते महीने, जनवरी में आंशिक ग्रह परेड के साथ क्वाड्रंटिड उल्का बौछार देखी गई थी। 28 फरवरी का संरेखण घटना की दुर्लभता के कारण बहुत खास होने की उम्मीद है। ग्रहों का यह संरेखण पूरे भारत में दिखाई देगा। देश के ज्यादातर शहरों में लोग इस दुर्लभ घटना को देख पाएंगे। साफ मौसम ना होने की स्थिति में दूरबीन से इस नजारे का मजा लिया जा सकता है। खगोल विज्ञानी इस घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### कब होती है ग्रहों की परेड

ग्रहों का संरेखण से मतलब पृथ्वी और सौर मंडल के अन्य ग्रहों का सूरज के एक तरफ सीधी रेखा में संरेखित होना है। यह संभावना दुर्लभ है, क्योंकि सभी ग्रह एक तरफ नहीं आते हैं। लेकिन, कुछ ग्रहों का संरेखण हो जाता है। छह ग्रहों का एक लाइन में आना भी बहुत खास है। यह घटना तब और भी नाटकीय होती है, जब ग्रह आकाश में एक सीधी रेखा में दिखते हैं।




आवश्यकता है
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# खास ब्लड ग्रुप वालों को काटते हैं मच्छर, रिसर्च में किया गया दावा

**लंदन।** सर्दियों से गर्मियां आते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। देश के कई हिस्सों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और मच्छर जनित बीमारियों के मामले तेज़ी से बढ़ने लगते हैं। कभी आपने ये सोचा है कि आखिर कुछ लोगों को मच्छर ज्यादा क्यों काटते हैं, जबकि कुछ को कम। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड बनता है, उन्हें मच्छरों द्वारा काटने की संभावना अधिक होती है। मच्छर लैक्टिक एसिड की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। ऐसे में जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड होता है, उन्हें मच्छरों के काटने की अधिक संभावना होती है। ऐसा माना जाता है कि मच्छर काटने के लिए अपने लक्ष्य की पहचान करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करते हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5791



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

■ मंगल सैनचा, [illegible]

### शब्द पहेली -5790 का हल



## सूडोकु बवाल - 5801

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5800 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

स्पेशलः वर्ल्ड ओबेसिटी-डे, 4 मार्च

# बढ़ते वजन के साथ बढ़ती हैं अनेक बीमारियों की आशंका



पूरी दुनिया में ओवरवेट होना यानी मोटापा, एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बन कर उभर रहा है। मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को रातों-रात यानी अचानक उत्पन्न नहीं होती है। लंबे समय तक गलत जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे की समस्या उत्पन्न करते हैं। यह स्थिति कई अन्य बीमारियों की वजह बनती है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. प्रतीक पोरवाल
जी.आई. सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

आमतौर पर मोटापा वह शारीरिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है। जब किसी व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में उसका वजन एक निश्चित मानक सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे मोटापे की स्थिति कहा जाता है।

## क्या है मॉर्बिड ओबेसिटी

मॉर्बिड ओबेसिटी या रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति के शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा संचित होती है, जो उसके स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसा मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे आमतौर पर 40 या उससे अधिक के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) द्वारा परिभाषित किया जाता है।

## मोटापा और बीएमआई

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स संक्षेप में बीएमआई है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई के मीटर वर्ग से विभाजित किया जाता है।

## मॉर्बिड ओबेसिटी के लक्षण

- थोड़ा शारीरिक श्रम करने पर सांस फूलने लगती है। बैठने और चलने-फिरने में दिक्कत महसूस करना।
- जोड़ों और कमर में दर्द की समस्या के मामले ऐसे लोगों में ज्यादा होते हैं।
- जरा सा भी शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस करना।
- सोते समय खर्राटे लेना और रात में अचानक घबराहट होने पर उठ जाना (स्लीप एपीनिया)।



## ओबेसिटी के कारण

**व्यायाम न करना:** जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।

**जंक फूड्स:** लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

**मानसिक तनाव:** कालांतर में यह नकारात्मक मानसिक अवस्था भी मोटापे का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से मोटापा बढ़ सकता है।

**वंशानुगत कारण:** इनसे भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ना संभव है।

**थायरॉइड ग्रंथि के विकार:** इस ग्रंथि के असंतुलन या विकार से भी मोटापा बढ़ने की संभावना रहती है।

## मोटापे से होने वाली समस्याएं

जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें इन स्वास्थ्य समस्याओं के होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। जैसे- उच्च रक्त चाप, हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एपीनिया, मोटापे से ग्रस्त लोगों में आंतों और स्तन कैंसर होने के मामले कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं।

**मनोवैज्ञानिक समस्याएं:** जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता।

**इनफर्टिलिटी:** मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

## ऐसे करें वेट कंट्रोल

पहली बात तो यह समझ लें कि मोटापे को किसी भी दवा या किसी मेडिकल चमत्कार से चंद घंटों या दिनों में दूर नहीं किया जा सकता। मोटापे को नियंत्रित करने के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और उसकी मेडिकल कंडीशन के बारे में जानना आवश्यक है।

**कब लें डॉक्टर से परामर्श:** जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आप से कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डायटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।



## तब करवाएं बैरियाट्रिक सर्जरी

बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

### ऐसे निर्धारित करते हैं मोटापा

यदि किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 या उससे नीचे है, तो इसका आशय है कि उसका वजन सामान्य से कम है, वह



अंडरवेट है। ऐसा व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो सकता है। किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 से 24.9 के मध्य है तो उसका वजन सामान्य है, जिसे नॉर्मल वेट कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 25 से 28 के मध्य है, तो उसका वजन अधिक है, उसे ओवरवेट कहा जाता है। बीएमआई 28 से 30 के मध्य है तो उसे ग्रेड-1 मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। अगर बीएमआई 31 से 40 के मध्य है तो उसे ग्रेड-2 मोटापा माना जाता है। अगर बीएमआई 40 से अधिक है तो उसे अत्यधिक गंभीर मोटापा (रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा) माना जाता है।
आमतौर पर पुरुषों में 94 सेमी. या फिर इससे अधिक और महिलाओं में 80 सेमी. या इससे अधिक कमर की माप को स्वास्थ्य के प्रतिकूल माना जाता है।

## वेट कंट्रोल का डाइट प्लान

मोटापे को नियंत्रित करने में खान-पान का व्यायाम की तुलना में कहीं ज्यादा महत्व है। मोटापे को कम करने में 90% स्वास्थ्यकर खान-पान और 10% वर्कआउट व्यायाम की स्थिति आदर्श मानी जाती है। वजन को नियंत्रित करने के लिए कई डाइट प्लान हैं, जिन पर अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर ही अमल करना चाहिए। जैसे पैलियो डाइट प्लान। इसके अंतर्गत आहार में टमाटर, प्याज, लहसुन और गाजर को शामिल किया जाता है। इसके अलावा फलों, नट्स, मछली, फलियां, अनाज और डेयरी उत्पादों को भी शामिल किया जाता है।

डाइटिंग के नाम पर अपनी भूख मारना या कम से कम खाना अपने शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। अनेक ऐसे लोग हैं जिनके दिमाग में यह गलत धारणा बैठ चुकी है कि मोटापे को कम करने के लिए डाइटिंग एक सशक्त माध्यम है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। याद रखें, डाइटिंग से मोटापा कम नहीं होता।

## मोटापा और दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। मॉर्बिड ओबेसिटी को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है।

वजन घटाने की दवाएं विशेष रूप से उन लोगों के लिए होती हैं, जो आहार और व्यायाम के साथ भी वजन कम करने में सफल नहीं हो पाते। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी दवाओं के साइड और आफ्टर इफेक्ट भी होते हैं। इन दवाओं का उद्देश्य शरीर में वसा को जलाना या बर्न करना, भूख को कम करना और शरीर के ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना होता है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

## इन बातों पर दें ध्यान

**वजन नियंत्रण** के लिए आपको अपनी जीवनशैली में लगातार सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। जैसे अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना, खान-पान में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को वरीयता देना आदि। इसके अलावा इन सुझावों पर भी अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- डॉक्टर या डायटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।



- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव से शरीर में हार्मोन संबंधी असंतुलन उत्पन्न होता है, जिसके कारण कालांतर में मोटापा बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- खाद्य पदार्थों में ऊपर से नमक न छिड़कें। नमक का कम से कम सेवन करना लाभप्रद है।
- खाना खाते समय टीवी न देखें।


घरेलू औषधि

# बहुत लाभकारी है जैतून नमक

आमतौर पर लोग साधारण नमक, काला नमक और सेंधा नमक के बारे में तो जानते हैं। लेकिन एक अन्य लाभकारी नमक जैतून नमक के बारे में कम ही लोग जानते हैं। यह एक विशेष नमक है, जो कई रोगों के उपचार में कारगर है।

**क्या होता है जैतून नमक:** इस नमक को बनाने के लिए साधारण नमक को जैतून के साथ मिलाकर एक निश्चित विधि से तैयार किया जाता है। इसके लिए पूरे पके हुए जैतून को मोटे नमक (डली वाला साधारण नमक) के साथ मिलाकर ढंक कर लगभग दो महीने के लिए रख दिया जाता है। निर्धारित समय के बाद उस नमक में विशेष गुणों का समावेश प्राकृतिक रूप से होता है। जिससे एक औषधि बन जाती है, जो कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में लाभकारी होता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं- विटामिन ई, लोहा, तांबा और कैल्शियम आदि। जैतून नमक की तासीर ठंडी होने के कारण सर्दियों में इसका सेवन कम करना चाहिए।

**इन रोगों में कारगर:** जैतून नमक को कई रोगों के उपचार में



उपयोग किया जा सकता है।

- इसका प्रयोग शरीर के बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- पेट संबंधी अजीर्ण, गैस, अपच, भूख न लगना या कम लगना आदि समस्याओं में यह हितकर है।
- डायबिटीज (रक्तशर्करा) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के उपचार में जैतून नमक का सेवन उपयोगी है।
- यह शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी करता है।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए यह लाभकारी है।
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।
- बढ़ते वजन से परेशान लोगों का वजन कम करने में मददगार है।
- यकृत (लिवर) को स्वस्थ बनाने में सहायक है।
- किडनी की समस्या में इसका सेवन लाभकारी है।
- बढ़ती आयु में हड्डियों को स्वस्थ रखने में इसका सेवन मददगार है।

कुछ लोगों को जैतून से एलर्जी होती है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसकी कितनी मात्रा कैसे लेनी है, इसका निर्धारण स्वयं न करें, विशेषज्ञ से सलाह के आधार पर करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय-उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

मेडिकल रिसर्च

माहिया

कुछ समय पहले खबरें आईं कि रूस के वैज्ञानिकों ने कैंसर ट्रीटमेंट के लिए वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। क्या है यह वैक्सीन, कैसे करेगी यह वर्क और इससे कितना प्रभावी होगा ट्रीटमेंट, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# बना ली गई कैंसर वैक्सीन कितना प्रभावी होगा इलाज



हाल में रूस ने घोषणा की है कि उनके वैज्ञानिकों ने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है, जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग का कहना है कि इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन, वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो इम्यून या प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करते हैं) के विरुद्ध इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडीज उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। जब ये एंटीजन, कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।

**ऐसे करेगी एक्शन:** एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, इम्युनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अकसर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वो एंटीबॉडीज द्वारा पहचान में आने से बच जाएं। फलस्वरूप इम्यून सिस्टम (शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता) उन्हें नष्ट नहीं कर पाता। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है। अब प्लानिंग यह है वैक्सीन के जरिए शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाए कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे और उनको फैलने से रोके। इस उपचार का लाभ यह है कि कीमोथेरेपी के विपरीत इसमें अन्य कोशिकाओं के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन ट्रीटमेंट के साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्युनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं। जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि।

**अन्य वैक्सीन से है अलग:** अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाए, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।

**कैंसर का करेगा ट्रीटमेंट:** कई डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग करना भ्रामक है, क्योंकि संक्रमित रोगों की तरह कैंसर आमतौर से किसी एक कीटाणु से नहीं फैलता है। जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपील्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। लेकिन डॉक्टर्स इस बात पर बल देते हैं, 'रोगियों को यह समझना चाहिए कि इम्युनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।' *



डॉक्टर सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब नींद के लिए लेनी पड़े दवा

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे अकसर रात को नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। समझ नहीं आता, क्या करूं? कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**


**-वीरपाल, महेंद्रगढ़**

नींद की दवा खाकर सोना, यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहले आप कोशिश करें कि नींद की दवा लेना बंद करें और इसके बगैर कैसे नींद आए, इसका रास्ता खोजें। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नींद न आने की वजह ढूंढ़ने की, यानी किस वजह से नींद नहीं आती है? यह समस्या आपको कब से है यानी इस बीच में ऐसा क्या हुआ है, जो बात बार-बार आपके मन में आती है, जिससे नींद नहीं आ रही हो। अगर आप स्वयं से ऐसा न कर पाएं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, लेकिन नींद की दवा आपको लेना बिल्कुल बंद कर देना चाहिए।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिनव, दुर्ग**

पैरों में सूजन दो कारणों से होती है, पहले मसल्स का वीक होना और दूसरा



डायबिटीज। आप पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क करें, वो आपकी शुगर और कुछ अन्य जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि आपको किस वजह से सूजन आ रही है? इसके बाद उसका उपचार होगा। फिलहाल, बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई भी दवा आप ना खाएं। ज्यादा दिक्कत होने पर आप सिंकाई कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर बहुत अधिक झाइयां हो रही हैं। कई तरह की क्रीम और दवाइयां लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही। मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, रायपुर**

अभी आप की उम्र अधिक नहीं है इसलिए आपको दवा खाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। दवा के अधिक सेवन से आपको अभी भले ही आराम मिल जाए, लेकिन आगे और परेशानी बढ़ सकती है। सबसे पहले आप अपनी तरफ से इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बंद करें और एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वो इसका कारण बताएंगे और उसका ट्रीटमेंट भी। लेकिन आप अभी पानी अधिक से अधिक पिएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। कई बार यह भी त्वचा रोग का कारण बन जाता है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। तीन हफ्ते पहले बाथरूम में पैर स्लिप करने की वजह से मेरी कमर में चोट आई थी। अभी भी कमर में चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। ऐसे में क्या करूं, जिससे मुझे कमर दर्द से राहत मिले?**

**-अर्णव, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्पाइन में चोट लगी है, जिसमें किसी तरह की फ्रेक्चर नहीं हुआ होगा। इस तरह की चोट में थोड़ा लंबे समय तक दर्द रहता है। कोशिश करें कि आप झुकने वाले काम बिल्कुल न करें, वजन न उठाएं। सोने के लिए हार्ड बेड का इस्तेमाल करें। अगर अधिक दर्द हो रहा है तो जरूर आपको एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि दर्द हो रहा है इसलिए किसी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। अकसर खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कौशल किशोर, भोपाल**

इस बात पर ध्यान दें कि आपका वजन अधिक तो नहीं है? कई बार वजन अधिक होने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ती उम्र में देखी जाती हैं। लेकिन एक बार आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ संपर्क से कर लें, क्योंकि इस तरह की समस्याएं न्यूरो से जुड़ी भी हो सकती हैं। ऐसे में बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन आप जैसा बता रहे हैं, तो ज्यादा चलने की कोशिश न करें। गिर सकते हैं और चोट लग सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे



# 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला तेंदुलकर का अंदाज, मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए, भले ही लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी भी उनके खेलने का अंदाज नहीं बदला है। सचिन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जहां वह इंडिया मास्टर्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। सचिन ने इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ 21 गेंदों में 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

## चौकों-छक्कों से झूमे दर्शक

मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। सचिन ने बल्लेबाजी के दौरान कई शानदार शॉट्स खेले और अपने खेलने के दिनों की याद दिला दी। सचिन की पारी देखकर स्टेडियम पर मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।



## मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली, जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए।

## सचिन का करियर

सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। मास्टर ब्लास्टर ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले जिनमें 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाए। वहीं, 463 वनडे मैचों में उनके बल्ले से 18426 रन निकले जिनमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा सचिन ने भारत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला है।

## कोहली तोड़ सकता है सौ शतक का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा, 'एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को जितना हो सके ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े। वह शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जब सचिन तेंदुलकर ने सौ शतक बनाए तो लगा था कि इसे कोई नहीं तोड़ सकेगा लेकिन 2010 से जिस तरह से विराट ने रन बनाए हैं तो लगता है कि वह इस असंभव को संभव कर सकता है। अगर विराट रिकॉर्ड तोड़ता है तो सचिन तेंदुलकर को बहुत खुशी होगी।'



## खबर संक्षेप




### वित्तीय सहायता देने के संबंध में समिति गठित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं।

### पिंक लेडीज कपः कोरिया से हारी भारतीय टीम

**शारजाह।** भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजू ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।




### अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जाइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा।




### फखर और अयूब की कमी खलीः आकिब

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद ने बुधवार को कहा कि सैम अयूब और फखर जमां के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आकिब ने कहा कि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बावजूद टीम अपने अभियान का जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान गुरुवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से खेलेगा।



### 146 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से बनाए 177 रन

# जादरान चैंपियंस ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर, बेन डकेट को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ लाहौर

अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी के पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। जादरान 146 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 177 रन बनाकर आउट हुए। यह चैंपियंस ट्रॉफी इतिहास में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने इंग्लैंड के बेन डकेट को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले मुकाबले में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 165 रनों की पारी खेली थी।

अफगानिस्तान ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने शुरुआत में ही अफगानिस्तान को तीन झटके दिए। आर्चर ने रहमानुल्लाह गुरबाज (6), सेदिकुल्लाह अटल (4) और रहमत शाह (4) को आउट किया। इसके बाद जादरान ने कप्तान हशमातुल्लाह शाहिदी के साथ मिलकर पारी को संभाला और ऐतिहासिक पारी खेली। जादरान ने कप्तान हशमातुल्लाह शाहिदी के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी की। शाहिदी के आउट होने के बाद भी जादरान अपनी पारी को संभाले रहे और उन्होंने शतक जड़ा। इसके बाद भी उन्होंने रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। लियाम लिविंगस्टोन ने अंतिम ओवर में इब्राहिम जादरान को आउट कर अफगानिस्तान को छठा झटका दिया।




## कपिल देव को पीछे छोड़ा

इब्राहिम जादरान अपनी इस पारी से भारत के पूर्व विश्व विजेता कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया है। जादरान किसी आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। जादरान ने यह उपलब्धि 23 साल 76 दिन की उम्र में हासिल की, जबकि कपिल ने 1983 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 24 साल 163 दिन की उम्र में 150 से अधिक रन बनाए थे।

### ओवरऑल 10वां शतक

जादरान ने चैंपियंस ट्रॉफी के करो या मरो मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया है। जादरान इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान के लिए शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में यह अब तक 10वां शतक है जो संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। इससे पहले 2002 और 2017 में भी चैंपियंस ट्रॉफी में 10 शतक लगे थे। पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है जिसके लिए अब तक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में किसी ने शतक नहीं लगाया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च स्कोर

| रन | बल्लेबाज | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 177 | इब्राहिम जादरान | इंग्लैंड | 2025 |
| 165 | बेन डकेट | ऑस्ट्रेलिया | 2025 |
| 145* | नाथन एश्ले | अमेरिका | 2004 |
| 145 | एंडी फ्लावर | भारत | 2002 |
| 141* | सौरव गांगुली | द.अफ्रीका | 2000 |

### आर्चर 50 विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज इंग्लिश गेंदबाज

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ जारी चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह अपनी टीम के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 30 पारियों में किया जबकि महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने यह कारनामा 31 पारियों में किया था। आर्चर ने इस मुकाबले में रहमनुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल और रहमत शाह को अपना शिकार बनाया।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

# मालेवार का नाबाद शतक विदर्भ की दमदार वापसी

एजेंसी ▶▶ नागपुर

युवा बल्लेबाज दानिश मालेवार के नाबाद शतक और अनुभवी करुण नायर के साथ 215 रन की साझेदारी की मदद से दो बार के चैंपियन विदर्भ ने खराब शुरुआत से उबर कर केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां चार विकेट पर 254 रन बनाए। मालेवार 138 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरा शतक है।

नायर भी शतक के करीब थे लेकिन दिन के खेल के अंतिम ओवरों में वह आपसी गफलत के कारण रन आउट हो गए। उन्होंने 86 रन बनाए। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब विदर्भ तीन विकेट पर 24 रन के स्कोर पर संकट में दिख रहा था। मालेवार और नायर ने चौथे विकेट के लिए बड़ी साझेदारी के दौरान 414 गेंद खेलीं। जब तक रहा था कि यह दोनों दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद रहेंगे तब वे एक अनावश्यक रन के लिए दौड़ पड़े और नायर को अपना विकेट गंवाना पड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 188 गेंद का सामना किया तथा आठ चौके और एक छक्का लगाया। मालेवार अभी तक 259 गेंद का सामना कर चुके हैं। उनकी पारी में 14 चौके और दो छक्के शामिल हैं।



### निधिश ने चटकाए दो विकेट

इससे पहले केरल ने टॉस जीत कर विदर्भ को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और शुरू में ही उसे तीन झटके दिए। केरल की तेज गेंदबाजी के अगुआ एमडी निधिश ने दो विकेट लिए जबकि नई गेंद के उनके जोड़ीदार ईडन एप्पल टॉम ने एक विकेट लिया। निधिश ने मैच की दूसरी ही गेंद पर पार्थ रेखाडे (00) को आउट कर दिया लेकिन इसका श्रेय कप्तान सचिन बेबी को जाता है, जिन्होंने मैदानी अंपायर द्वारा पगबाधा की जोरदार अपील को ठुकराने के बाद रिव्यू लेने का फैसला किया। दर्शन नालकंडे (01) ने खराब शॉट खेल कर निधिश को अपना विकेट इनाम में दिया जबकि ईडन एप्पल टॉम ने ध्रुव शोरे (16) को विकेट के पीछे कैच कराकर केरल को बड़ी सफलता दिलाई।

## वनडे रैंकिंग

# गिल शीर्ष पर मजबूत कोहली 5वें स्थान पर




एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढ़कर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

### भारतीय टीम को जीतनी चाहिए चैंपियंस ट्रॉफी

**शारजाह।** भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहली टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी। राजपूत ने कहा, 'भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए।'

# कतर ओपन जीतने के 3 दिन बाद दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

एजेंसी ▶▶ दुबई

रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।



एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।


**आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष सिंह पुत्र विजय पाल निवासी एस-2/14, बुद्ध विहार-1, रोहिणी, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **8629/2021, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष सिंह** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **8629/2021, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशीष सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रीतिका जैन**
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (उ.-प.)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/2366/OD/2025
(Court Matter)

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली जिला सिवनी म. प्र.**

क्रमांक/था.प्रा./कोतवाली/278/2025 दिनांक 19/2/2025

**// वाहन नीलामी सूचना//**

आम जनता को सूचित किय जाता है कि थाना कोतवाली सिवनी के (1) अपराध क्रमांक 993/16 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनयम, 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट (2) अपराध क्रमांक 1491/20 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनियम, (3) 255/22 धारा 279,427 भादवि, 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म.प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट, 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, (4) 937/22 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म. प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट, 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, (5) 928/22 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म. प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट, 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, (6) 382/23 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म. प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66/192 मो.व्ही.एक्ट, ( 7 ) 785 / 23 धारा 4,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 6ग, 7, 10, 11 म. प्र. पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 11 पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट, (8) 628/24 धारा 4, 5, 9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 11(i)(I) पशु के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 66 / 192, 184 मो. व्ही. एक्ट 109, 325, 3 ( 5 ) भारतीय न्याय सहिता, में 9 नग दो पहिया एवं चार पहिया वाहन विभिन्न कंपनियो के क्रमांश 9 नग वाहन नीलाम किया जाना हैं। वाहन का निवर्तमान अनुमोदित ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम बोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा । निविदा के समय धरोहर राशि तत्ककाल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वापस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तीन दिन में संम्पूर्ण राशि जमा करनी होगी वरना धरोहर राशि राजसात होगी । निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरान्त पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, निविदा की अंतिम प्रकिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय का अंतिम अधिकार निर्णय अधिकारी का होगा । निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- रुपए नगद रसीद के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नही होंगे एवं जमानत राशि 1,00,000/- जमा करानी होगी जो वापसी योग्य होगी या वाहन क्रय करने की दशा में विलोपित किये जायेंगे। धरोहर राशि राजकोष में जमा की जावेगी।

उपरोक्त वाहनो की नीलामी दिनांक 03-03-2025 दिन सोमवार को समय 12.00 बजे स्थान थाना परिसर कोतवाली जिला सिवनी में की जावेगी।

"आज दिनांक 19 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया ।"

नीलामी स्थान :- थाना परिसर कोतवाली जिला सिवनी नीलामी दिनांक :- 03.03.2025
दिन सोमवार समय :- 12.00 बजे सम्पर्क मो.नं. 8269052466

थाना प्रभारी
थाना कोतवाली सिवनी

G-23505/24

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. -2, जबलपुर**
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001 फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbpbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 27/व.ले.लि./2024-25 **निविदा आमंत्रण सूचना क्र. - 27** जबलपुर, दिनांक 19-02-2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_403365_pack1 | यश किराना से भूकम्प कालोनी मार्ग, आईटाईप कालोनी से गजरथ कालोनी मार्ग महाराणा प्रताप वार्ड एवं गांधी स्मारक से गोपाल उद्यान रमनगरा तक सी.सी. मार्ग का निर्माण एवं तारासिंह मार्ग महानदद्दा से गुप्तेश्वर पान की दुकान तक एवं गुप्तेश्वर बंदरिया तिराहा से एम.जी.एम. रेल्वे क्रासिंग मार्ग तक बी.टी. का कार्य ( लागत रू. 269.31 लाख) | प्रथम | 269.31 लाख | 270000/- | 15000/- | 15 माह वर्षा ऋतु (सहित) |
| 2 | 2025_PWDRB_403366_pack1 | घुघरी से मुस्करी मार्ग, हरदी से महगवां मार्ग ( परासिया) एवं नुंजी से नुंजा मार्ग का निर्माण कार्य । | प्रथम | 290.86 लाख | 291000/- | 15000/- | 15 माह वर्षा ऋतु (सहित) |
| 3 | 2025_PWDRB_403367_pack1 | मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर भवनों में विशेष मरम्मत, एम.ओ. डब्ल्यू एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.95 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह वर्षा ऋतु (सहित) |
| 4 | 2025_PWDRB_403368_pack1 | पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत व्ही.आई.पी. बंगलों में दरवाजे खिड़की मरम्मत, प्लास्टर, फ्लोरिंग, सेनेटरी, शेड का निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह वर्षा ऋतु (सहित) |
| 5 | 2025_PWDRB_403369_pack1 | पचपेढी उपखण्ड के अंतर्गत ऑफीसर्स बंगलों में पेवर ब्लॉक मरम्मत, विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग, वाटर प्रूफिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.96 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह वर्षा ऋतु (सहित) |
| 6 | 2025_PWDRB_403370_pack1 | सिविल लाईन स्थित ई एवं एफ टाईप बंगलों में एल्युमिनियम कार्य, प्लास्टर विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.95 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह वर्षा ऋतु (सहित) |
| 7 | 2025_PWDRB_403371_pack1 | चरगवां उपखण्ड के अंतर्गत कलवर्ट, शोल्डर का प्रथम रखरखाव कार्य एवं अन्य कार्य । | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह वर्षा ऋतु (सहित) |

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि दिनांक 26/02/ 2025 समय 10.30 से दिनांक 13 / 03 / 2025 समय 17 :30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. ( RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेंगे। ( 2 ) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन : प्रकाशन नहीं कराया जायेगा।

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ / स )
संभाग क्रं. -2, जबलपुर

G-23511/24

- अनेक लोग फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर कर रहे शासकीय नौकरी
- जिला प्रशासन जुटा जांच में

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में होगा बड़ा खुलासा

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने के मामले में हुई एफआईआर के बाद, अब जिला प्रशासन की टीम जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि इस मामले में जल्द ही प्रशासन एक बड़ा खुलासा कर सकती है। इस जांच की जद में वह अधिकारी-कर्मचारी भी आ गए हैं जो फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवा में प्रवेश करने वाले लोगों का फर्जीवाड़ा सामने आया था। इसके बाद घमापुर के एक कम्प्यूटर सेंटर को न केवल सील किया गया था, बल्कि लोक सेवा केंद्र के दो लोगों के साथ अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। जिला प्रशासन ने इस सेंटर से कई फर्जी दस्तावेज भी



जप्त किए हैं। वहीं जितने भी जाति प्रमाण पत्र जारी हुए हैं, उसका डाटा भी प्रशासन की टीम ने जप्त कर लिया है। अब इस पूरे प्रकरण को लेकर कलेक्टर दीपक सक्सेना की निगरानी में जांच और कार्यवाही भी की जा रही है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में एडीएम की अध्यक्षता में एक जांच दल भी गठित कर दिया है जो शहर में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले लोगों पर पैनी नजर रख रहा है।

### दस्तावेजों की बारीकी से जांच

घमापुर स्थित मलिक एसोसिएट नाम की एमपी ऑनलाइन की दुकान से जब्त दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की जा रही है ।कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इस बात से भी इनकार नहीं किया है की जबलपुर शहर में फर्जी दस्तावेज बनाने वाला कोई बड़ा गिरोह सक्रिय है। उन्होंने कहा कि ऐसे संकेत पहले भी मिले हैं जबलपुर ही नहीं बल्कि यह गिरोह बड़े जिले जैसा कि इंदौर, भोपाल, व ग्वालियर में भी सक्रिय हैं।

### शिकायतों के आधार पर जांच

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि शिकायतें आई थी उसके बाद जब जांच की गई तो मामला सामने आया है। जबलपुर में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के साथ ही अन्य फर्जी दस्तावेज बनाने वाला एक रैकेट सक्रिय है जो पिछले कई सालों से काम कर रहा है । इस रैकेट को पकड़ने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम काम कर रही है और जल्द ही ऐसे लोगों का पर्दाफाश होने की उम्मीद है।

### 5 के खिलाफ एफआईआर

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने साफ तौर पर कहा है कि हाल फिलहाल जो फर्जीवाड़ा सामने आया है,उसमें अब तक पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। इसमें लोक सेवा केंद्र और एसडीएम ऑफिस के कर्मचारी की संलिप्तता उजागर हुई है, जिसको ध्यान में रखते हुए अब शासकीय कर्मचारी भी संदेह के घेरे में आ रहे हैं। उनका रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है, खासकर लोक सेवा केंद्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों का सर्विस रिकॉर्ड भी चेक किया जाएगा।

### डाटा किया सुरक्षित

कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि घुमा पर स्थित मलिक एसोसिएट्स की दुकान में एसडीम रांची ने कार्रवाई की थी तो उसमें फर्जी मार्कशीट फर्जी टीसी दाखिल खारिज रजिस्टर सहित अन्य फर्जी दस्तावेज प्राप्त हुए थे जहां से जांच दल ने हार्ड डिस्क और दस्तावेजों की हॉट कॉफी जप्त कर ली थी क्योंकि दुकानदार ने सील दुकान में चोरी छुपे अंदर जाकर दस्तावेज गायब कर दिए थे तो उसे कोई फर्क नहीं पड़ता हमारे पास हार्ड कॉपी और हार्ड डिस्क सुरक्षित है जिसमें सारे दस्तावेज मौजूद हैं।

103 परीक्षा केन्द्रों में शामिल होंगे 24 हजार से अधिक परीक्षार्थी

# कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा आज से

हरिभूमि जबलपुर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित होने वाली कक्षा बारहवीं की परीक्षा 25 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी हैं। वहीं दसवी बोर्ड परीक्षाये 27 फरवरी गुरुवार से प्रारंभ होगी। यह दोनों बोर्ड परीक्षाये एक माह तक चलेगी। परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। कक्षा बारहवी का हिंदी विषय का पेपर 25 फरवरी को हो चुका हैं। अब दिनांक 27 फरवरी को कक्षा दसवीं के हिंदी विषय के पेपर के साथ कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले में कक्षा दसवीं की परीक्षा में कुल 24 हजार 623 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होगे जिसमे नियमित के रूप में 23 हजार 285 परीक्षार्थी तथा स्वाध्यायी के रूप में 1 हजार 338 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में कुल 103 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा संचालित हो रही हैं। शासकीय परीक्षा केन्द्रों की संख्या 69 एवं अशासकीय परीक्षा केन्द्रों की संख्या 35 हैं। परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु 103 केन्द्राध्यक्ष एवं 103 सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त



किये गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था हो गयी हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गये हैं। जिले में नक़ल रोकने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्त्व में 11 उडनदस्तों का गठन किया गया हैं जो कि कक्षा बारहवी की परीक्षा के साथ ही सक्रिय होकर निरीक्षण कर रहे हैं।

### कलेक्टर प्रतिनिधि करेंगे निगरानी

जिले के सभी 103 परीक्षा केन्द्रों में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलेक्टर प्रतिनिधि की ड्यूटी लगायी गयी हैं ,यह कलेक्टर प्रतिनिधि प्रातः केन्द्राध्यक्ष के साथ थाने जाकर माशिमं के ऑनलाइन एप में अपनी सेल्फी अपलोड करकर पेपर के बण्डल की जानकारी को भरेगे । इसके पश्चात एप में दर्ज स्कूल की लोकेशन तथा रास्ता दिखाई देगा । इसके आधार पर कलेक्टर प्रतिनिधि एवं परीक्षा केंद्र के केन्द्राध्यक्ष अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर पुनः अपनी सेल्फी अपलोड करेगे । इसके बाद परीक्षा केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि के द्वारा पेपर के सीलबंद पेकेट का वीडियो बनाकर भोपाल भेजना हैं ।

हाई कोर्ट ने राज्य शसन से मांगा जवाब

# भ्रष्टाचार के आरोपित को डीईओ का प्रभार क्यों दिया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के आरोपित को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार दिए जाने के रवैये को चुनौती संबंधी याचिका पर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए है। दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए। याचिकाकर्ता जिला पंचायत सीधी की सदस्य नीता कोल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी सीधी का प्रभार डा. प्रेमलाल मिश्रा को सौंपा गया है। सवाल उठता है कि जब उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं, तो उन्हें नई जिम्मेदारी कैसे सौंप दी गई। मुख्य मांग यही है कि प्रभार अविलंब वापस लेकर किसी ईमानदार को सौंपा जाए। ताकि शिक्षा-व्यवस्था की गरिमा कायम रहे। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार को पक्ष रखने के निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद नियत कर दी।



कोऑपरेटिव सोसाइटी मामले में हाईकोर्ट सख्त

# आदेश का पालन करें या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी मैनेजर की नियुक्ति संबंधी आदेश का पालन न किए जाने के रवैये को गंभीरता से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सोसाइटी के प्रशासक को निर्देश दिया कि आदेश का पालन करें या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। मामले की अगली सुनवाई एक मार्च को होगी।

गढ़ाकोटा, सागर निवासी सुरेंद्र कुर्मी की ओर कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता को असिस्टेंट सोसाइटी मैनेजर के पद पर 30 जून, 2015 को नियुक्त किया गया था। इसके बाद 30 जुलाई, 2015 को उक्त पद पर जगन प्रसाद कुर्मी की नियुक्ति कर दी गई। उक्त आदेश को ज्वाइंट रजिस्ट्रार के समक्ष चुनौती दी गई। 21 जनवरी, 2021 को ज्वाइंट रजिस्ट्रार ने जगन प्रसाद की नियुक्ति निरस्त करके याचिकाकर्ता को नियुक्ति देने के आदेश दिए थे। उक्त आदेश का पालन न होने पर यह मामला दायर किया गया। मामले की पूर्व सुनवाई में हाईकोर्ट ने ज्वाइंट रजिस्ट्रार के आदेश का 15 दिनों में पालन करने के निर्देश दिए थे। लेकिन पालन नही किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने सख्ती दर्शाई।

### अवैध हथियार रखने पर कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मनमोहन सिंह कौरव की अदालत ने अवैध हथियार रखने के आरोपित अधारताल निवासी विक्रम प्रताप का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ डेढ़ वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कल्पना मुवेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मुखबिर की सूचना पर अधारताल पुलिस ने दबिश दी थी। इस दौरान आरोपित मौके पर अवैध हथियार सहित पाया गया। वह पुलिस को देखकर भागने लगा। इससे साफ है कि किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। वह हथियार का लाइसेंस पेश नहीं कर सका। कोर्ट ने दोष साबित पाते हुए सजा सुना दी।








+Terms and conditions apply. #Cashback Offer is available on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Schemes of Scratch & Win with assured gift and ₹2000 Exchange Bonus on all models are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Associate Dealers. *This scheme is for both Finance & Cash Customers. *The offers are applicable in Uttar Pradesh, Uttarakhand, Madhya Pradesh, Chhattisgarh only. *Scheme can be withdrawn from the market without prior notice. *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 89899994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; Arihant Automobiles (Bada Malehra) - 9827042401; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865, 7771003887; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Anand Wheels Honda - 7049919750, 7049919755, 9424994480; Anand Wheels Honda (Adhartal) - 7049919753, 7049919755; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485, 6262908035; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9479949844; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711, 9893554611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Shiv Shakti Honda (Keolari) - 9407848143; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **SATNA:** Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 7583808564, 6267275500; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Pasari Honda (Maihar) - 9827655550, 7000841741; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; **REWA:** Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; **PANNA:** Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **BHIND:** M.S. Honda - 9826351771, 7999875353; **MORENA:** The Roshan Honda - 9301124000; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; **AMBAH:** Aryan Honda - 9826288045; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; Arihant Automobiles (Bada malehra) - 9827042401; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240